जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot


epaper.rashtradoot.com


अजमेर, गुरुवार 16 मार्च, 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
आर बी - आय ओ एस
RB - IOS

G20
भारत 2023 INDIA

रिज़र्व बैंक - एकीकृत लोकपाल योजना





आरबीआई विनियमित संस्थाओं के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए एकल सुविधा

30 दिनों के भीतर शिकायतों का निवारण न होने या आरबीआई द्वारा विनियमित बैंक/एनबीएफ़सी/प्रणाली प्रतिभागियों द्वारा संतोषजनक निवारण न होने पर, आप उनकी शिकायत लोकपाल के समक्ष दर्ज कर सकते हैं

ऑनलाइन https://cms.rbi.org.in पर या डाक द्वारा केंद्रीकृत प्राप्ति और प्रसंस्करण केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ – 160017 पर शिकायत दर्ज़ करें

अपवर्जन सूची में उल्लिखित सेवाओं को छोड़कर, अन्य सेवाओं में कमियों से संबंधित सभी शिकायतें शामिल हैं

अपनी शिकायत की वास्तविक स्थिति को शिकायत प्रबंधन प्रणाली (https://cms.rbi.org.in) पर देखें



राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर, कार्यदिवसों पर अधिक जानकारी के लिए **14448** पर कॉल करें:

- हिंदी और अंग्रेजी के लिए सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक
- 10 क्षेत्रीय भाषाओं के लिए (असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मराठी, मलयालम, ओडिया, पंजाबी, तेलुगु और तमिल) सुबह 9:30 बजे से शाम 5:15 बजे तक

शिकायत दर्ज करने के लिए, **https://cms.rbi.org.in** पर जाएँ

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/** पर जाएं
फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

विचार बिन्दु

सत्य से कीर्ति प्राप्त की जाती है और सहयोग से मित्र बनाए जाते हैं। –कौटिल्य अर्थशास्त्र

जो तोकूँ काँटा बुवे ताहि बोहि तू फूल

सनातन धर्मी हिन्दू ईश्वर (विष्णु) के चौबीस अवतारों को मानते हैं। उन्हीं में से एक नरसिंह अवतार की कथा भी है। हिरण्यकश्यपु ने अपने पुत्र प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति के कारण उसको मारने के कई प्रयासों में अपनी बहन होलिका के माध्यम से उसे जलाने का प्रयास किया, परन्तु होलिका स्वयं जल गई। अंततोगत्वा हिरण्यकश्यपु भी भगवान के नरसिंह रूप द्वारा मारा गया।

इस कथा का अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक, नैतिक व राजनीतिक ही नहीं जीवन के हर क्षेत्र में महत्व है। समाज हो या राजनीति दूसरों का बुरा चाहने वाले, स्वयं का बुरा कर लेते हैं। 'कर बुरा तो हो बुरा, कर भला तो हो भला, आप भला तो जग भला' की कई कहावतें यूँ ही नहीं बनी हैं, वे अनन्तकाल के अनुभव का सार हैं। जो दूसरों के लिये खड्डे खोदते हैं, खुद भी खड्डे में गिरते हैं। कवि कहता है– 'जो तोकूँ काँटा बुवे ताहि बोहि तू फूल, तोहे फूल के फूल हैं वाकों हैं त्रिशूल'। आशय यह है कि हमारा बुरा चाहने वाले का भी भला चाहो। पौराणिक काल में ही प्रत्येक कालखण्ड में इसके उदाहरण मिल जायेंगे। मगध के क्रूर शासक नंद के वंश का सर्वनाश हुआ और आधुनिक काल में भी अनेक तानाशाहों का दुखद अंत हुआ। अनेक दुर्दांत डाकुओं, क्रूर शासकों और आतंकवादियों के अंत से देश और समाज परिचित होते रहे हैं।

'सत्यमेव जयते' याने हमेशा सत्य की विजय होती है। या तो यह अमर संदेश असत्य है और यदि नहीं तो हम जानबूझ कर भी असत्य का आचरण करते हैं। क्या हम नहीं जानते कि मीरा को ज़हर देने वाले काल के गाल में समा गये परंतु मीरा अमर हो गई। दुर्भाग्य से इस देश के वासियों की दुर्बलता और फूट ने अनैतिक प्रवृत्तियों को जन्म दिया जो सदैव आत्मघाती रहीं। सिकंदर के समय से लेकर अनेक मुगल और अंग्रेज़ आक्रांताओं ने इस देश में अनैतिकता को पनपाने का प्रयास किया। हड़ुप्पा और मोहनजोदड़ो सभ्यता के समय को लेकर अनेक विदेशी यात्रियों की भारत यात्रा में इस क्षेत्र में अत्यंत उन्नत सभ्यता को लेकर उल्लेख है, चाहे वह जीवन के किसी भी देश की बात हो। घरों में ताले नहीं लगाये जाने का भी उल्लेख इन यात्राओं के वर्णन में है। यात्राओं के वर्णन में देश के चरित्र की शुचिता व पवित्रता के दर्शन होते हैं।

अनैतिकता के प्रचलित व प्रसारित करने का एक तरीका विदेशी आक्रांताओं का यह भी रहा कि हमारे नैतिकता के प्रतीकों को नष्ट कर अनैतिकता के उदाहरणों और प्रतीकों का महिमा मंडन किया जाय। आक्रांताओं के नाम पर सिकंदर महान व अकबर महान के लेबल लगाकर उनके नाम पर लोदी रोड, अकबर रोड, औरंगजेब रोड जैसे सडकों के तथा शाहजहाँपुर, फरीदाबाद, हैदराबाद आदि अनेक नगरों का नामकरण किया गया। अकबर और औरंगज़ेब ही नहीं अधिकांश मुग़ल व अंग्रेज़ शासकों ने घोर अमानवीय, क्रूर व निर्दयी व्यवहार कर नरसंहार व धर्म परिवर्तन कराया, वह देश का दुखद अध्याय है। गुरू गोविन्द सिंह के दोनों पुत्रों को ज़िंदा गाड़ने वाले का भी वंदन किया। अंग्रेज़ों ने भी जलियाँवाला बाग के नरसंहार को अंजाम दिया, मगर मिंटो रोड, विक्टोरिया टर्मिनल आदि नामकरण किया। आज जब इन अनैतिक प्रतीकों के नाम बदले जा रहे हैं तो इस देश के कई विपक्षी दल व कई अल्पसंख्यक नेता विरोध कर रहे हैं। यह वैसा ही है जैसा कि काँटों की फसल को बढ़ावा देना। जब अनैतिकता का महिमामंडन हुआ तो देश में अनैतिकता व भ्रष्टाचार के बीज बोये जाने लगे। यह भाव जागृत हुआ कि दूसरों को नुकसान पहुँचा कर व हिंसा करके भी सत्ता व संपन्नता प्राप्त की जानी चाहिये। भ्रष्टाचार व मिलावटखोरी जैसे मानव संहारक अस्त्र-शस्त्रों का प्रचलन प्रारंभ हुआ। ज़मीदारों, जागीरदारों, ठाकुरों, राजाओं ने भी विदेशी आक्रांताओं को धन देकर प्रसन्न रखने के लिये जनता का शोषण प्रारंभ किया। स्वतंत्रता के बाद भी अपवादों को छोड़कर नागरिकों को अनैतिक प्रवृत्तियों की लत बनी रही। देश में विकास तो हुआ परंतु वह मात्र भौतिक रहा, नैतिक नहीं। सर्वविदित है कि किस प्रकार भ्रष्टाचार देश को खोखला कर रहा है और मिलावट सारी मानवता को विष दे रही है।

जो लोग सर्वशक्तिमान बनना चाहते हैं, उन्हें यह स्मरण रखना चाहिये कि सृष्टि के प्रारंभ से ही सर्वशक्तिमान की चाह वालों का पतन हुआ है। हिटलर जैसे कई भूतकालीन व वर्तमान के क्रूर तानाशाहों का नाम कोई आदर से नहीं लेता। आदर उसी का होगा जो सेवा, प्रेम व त्याग के कार्य करेगा।

एक राष्ट्रवादी सरकार आने के बाद जो काँटे हटाने का व दूसरों का बुरा करने की प्रवृत्ति के विरुद्ध प्रयास किया जा रहा है तो फिलहाल ये दोनों राक्षस पुष्ट हुए हैं। ठीक ही है मोमबत्ती बुझने से पहले तेज़ प्रकाश देती है। धीरे-धीरे अनैतिकता के प्रतीक हटने ही चाहिये, मिलावट व भ्रष्टाचार के काँटों का सफाया होना ही चाहिये। इन काँटों ने, इन राक्षसों ने हमें बहुत सताया है, अब इनका नाश होना ही चाहिये। ये सभी होलिका की तरह हैं जो प्रह्लाद को जलाना चाहते हैं। भारत में अब होलिका के जलने का समय है।

सैकड़ों वर्षों से होलिका जैसे माध्यमों से याने देश विरोधी कार्यों से देश को क्षति पहुँचाने का, 'प्रह्लाद' को जलाने का प्रयास चलता रहा है और देश विभाजन के दंश भुगत चुका है। दासता भोग चुका है और अभी भी संकीर्ण प्रादेशिक स्वार्थों के चलते कई विभाजक रेखाएँ खींची जा रही हैं। यही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी मात्र सत्ता लोलुपता के कारण देश विरोधी प्रयास हो रहे हैं। देश में विरोधियों के प्रति गाली गलौच, होली के अवसर पर गालियाँ देने की अस्वस्थ परम्परा का द्योतक है। इस अस्वस्थ परम्परा को होलिका के साथ ही जलाना आवश्यक है। राजनीति में पक्ष हो या प्रतिपक्ष, हैं तो सभी इस देश के वासी। विरोधियों पर आक्रमण करने के बहाने देश का भी घोर अहित करना 'प्रह्लाद' को जलाने की साज़िश ही मानी जायगी। प्रह्लाद की भगवद् भक्ति की तरह अखण्ड देश भक्ति वाले भारतीयों का कभी लोप नहीं हुआ और यह देश पुनः पुनः उठ खड़ा हुआ, प्रगति और विकास के मार्ग पर चल पड़ा। देश में रह कर रीति-नीति के आधार पर स्वस्थ आलोचना करना सही है, परंतु बिना प्रमाण के मात्र आरोप लगाना, संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति करना, विदेशी धरती पर जाकर अपनी मातृभूमि की बुराई करना कोई स्वस्थ राजनीति नहीं कही जा सकती। निश्चय ही चीन जैसे शत्रु देश को शांतिप्रिय देश जताना और भारत में 'लोकतंत्र' को खतरा बताना अपरिपक्व राजनीति के परिचायक हैं। जो लोग सर्वशक्तिमान बनना चाहते हैं, उन्हें यह स्मरण रखना चाहिये कि सृष्टि के प्रारंभ से ही सर्वशक्तिमान की चाह वालों का पतन हुआ है। हिटलर जैसे कई भूतकालीन व वर्तमान के क्रूर तानाशाहों का नाम कोई आदर से नहीं लेता। आदर उसी का होगा जो सेवा, प्रेम व त्याग के कार्य करेगा। युग-युग बीत जायें परंतु अंततोगत्वा 'होलिका' ही जलेगी, प्रह्लाद अमर रहेगा। देशी-विदेशी प्रतिगामी ताकतों का इस देश और देशवासियों को जलाने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा, अंत में वे प्रतिगामी शक्तियाँ ही नष्ट होंगी।

–अतिथि सम्पादक,
कैलाश विहारी वाजपेयी,
(स्वतंत्र चिंतक व लेखक)

राशिफल गुरूवार 16 मार्च, 2023



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 4:47 तक, व्यतिपात योग दिन 10:06 तक, गर करण सांय 4:40 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य-मीन, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा रात्रि 3:23 से शुक्रवार दिन 2:07 तक है। आज बुध मीन राशि में दिन 10:47 पर प्रवेश करेगा। आज भगवान आदिनाथ जयन्ती और तप कल्याणक दिवस एवं व्यतिपात पुण्य है।

सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया: शुभ सूर्योदय से 8:09 तक, चर 11:07 से 12:36 तक, लाभ-अमृत 12:36 से 3:34 तक, शुभ 5:03 से सूर्योदय तक।

राहूकालः 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:40, सूर्यास्त 6:32



मेष

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। शुभ-मांगलिक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



सिंह

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



धनु

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



वृष

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। मित्रों-रिश्तेदारों से वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




कन्या

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




मकर

अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन:स्थिति ठीक नहीं रहेगी। मानसिक तनाव बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा।




मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




तुला

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।




कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा।




कर्क

अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।



वृश्चिक

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



मीन

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

आज जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ का जन्म कल्याणक एवं तप कल्याणक महोत्सव



भागचंद जैन मित्रपुरा

वर्तमान में इस जंबूद्वीप के भरत क्षेत्र में अवसर्पिणी काल का संचार हो रहा है। आदिनाथ भगवान इस काल के प्रथम तीर्थंकर है जिनका जन्म भारत भूमि में हुआ था। इनको वृषभदेव तथा ऋषभदेव के नाम से भी जाना जाता है। भगवान ऋषभनाथ का जन्म भारत के पावन शहर अयोध्या की भूमि पर हुआ था। वही अयोध्या भूमि जहाँ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने माता कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया था। आदिनाथ का जन्म चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को उत्तरषाढ़ा नक्षत्र में हुआ था। जैन धर्म के अनुसार यह तृतीय काल था। इनका जन्म इश्वाकु वंश में हुआ था। आदिनाथ के पिता का नाम राजा नाभिराज था जो अयोध्या के राजा थे एवं माता का नाम मरूदेवी था। आदिनाथ के यशस्वती तथा सुनंदा के साथ विवाह हुआ था। यशस्वती से उन्हें 99 पुत्र (चक्रवर्ती राजा भरत सहित) तथा एक पुत्री ब्राह्मी हुए थे। सुनंदा से उन्हें एक पुत्र बाहुबली तथा एक पुत्री सुंदरी हुए थे। स्वयं के मुनि बन जाने के बाद उन्होंने अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजा घोषित कर दिया था और बाकि पुत्रों में भारत के अन्य राज्य बाँट दिए थे। चक्रवर्ती भरत के नाम पर ही इस देश का नाम भारत पडा था। भगवान आदिनाथ के कई अन्य नाम ऋषभदेव /ऋषभनाथ, वृषभनाथ, नाभिया, आदिपुरुष, आदिब्रह्मा, प्रजापति कहा गया। इसके अलावा उन्हें पुरुदेव, आदिश्वर, युगादिदेव, प्रथमराजेश्वर, आदिजिन, आदर्श पुरुष, आदीश इत्यादि नाम से भी जाना जाता है। इस युग के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ ही थे किंतु पिछले युग के अंतिम तीर्थंकर भगवान सम्प्रत्ति थे। भगवान सम्प्रत्ति उस युग के अंतिम (चौबीसवें) तीर्थंकर थे।

भगवान आदिनाथ का वर्ण-क्षत्रिय (इश्वाकू वंश) था। उनकी देहवर्ण- स्वर्ण रंग (नारंगी-पीला) थी।

लंबाई/ऊंचाई- 500 तीर के बराबर/ 4920 फीट/ 1500 मीटर थी। उनकी आयु-84 लाख वर्ष पूर्व थी।

आदिनाथ को इस युग के निर्माता के रूप में जाना जाता हैं। इनसे पहले मनुष्य कोई काम नही करते थे अर्थात पढ़ना-लिखना, खेती, व्यापार इत्यादि किसी भी चीज़ का प्रावधान नही था। उस समय मनुष्य की सभी आवश्यकताएं कल्पवृक्ष से पूरी हो जाया करती थी। लेकिन धीरे-धीरे कल्पवृक्ष की शक्तियां कम होती गयी।भोगभूमि की रचना मिट चुकी थी और कर्मभूमि की रचना प्रारंभ हो रही थी। उस समय वर्षा होने से खेतों में अपने आप तरह-तरह के धन्य के अंकुर उत्पन्न होकर समय पर योग्य फल देने वाले हो गए थे। इस प्रकार उस समय यद्यपि भोग उपयोग की समस्त सामग्री मौजूद थी, परंतु उस समय की प्रजा उसे काम में लाना नहीं जानती थी; इसलिए वह उसे देखकर भ्रम में पड़ गई थी। अब तक भोग भूमि बिल्कुल मिट चुकी थी और कर्म युग का प्रारंभ हो गया था पर तुम लोग कर्म करना जानते नहीं थे इसलिए वे भूख प्यास से दुखी होने लगे। इसके बाद भगवान आदिनाथ ने ही मनुष्य को आवश्यक ज्ञान दिया। उन्होंने मनुष्य को जीवन जीने के लिए छह काम सिखाये थे-

असि-रक्षा करने के लिए अर्थात सैनिक कर्म

मसि-लिखने का कार्य अर्थात लेखन

कृषि-खेती करना और अन्न उगाना

विद्या-ज्ञान प्राप्त करने से संबंधित कर्म

वाणिज्य-व्यापार से संबंधित


शिल्प-मूर्तियों, नक्काशियों, भवनों इत्यादि का निर्माण।

कहने का तात्पर्य यह हुआ कि भगवान आदिनाथ ने ही लोगों को सुनियोजित तरीके से भवन निर्माण करना, नगर बसाना, खेती करके अन्न उगाना और उससे भोजन करना, शिक्षा प्राप्त करना और उससे समाज में नियमों की स्थापना करना, व्यापार करके उन्नित करना और पैसे कमाना, अपनी या अपने परिवार या देश की रक्षा करना तथा इन सभी को लिपिबद्ध करना इत्यादि सिखाया। इसी तरह अपनी सुपुत्रियों ब्राह्मी को लिपि विद्या एवं सुंदरी को अंक विद्या का ज्ञान कराकर, इन विद्याओं को प्रसारित करवाया। इस तरह से मनुष्य को मूलभूत चीज़ों को सिखाने का श्रेय भगवान आदिनाथ को जाता है। उन्होंने प्रथम बार अपनी नगरी अयोध्या में शासन-व्यवस्था, नियम-सिद्धांत, अधिकार-कर्तव्य इत्यादि की स्थापना की थी। इसके बाद सब कुछ नियमों के अनुसार चलने लगा था तथा धर्म की स्थापना हुई थी।

एक बार हिंदू देवता व स्वर्ग के राजा इंद्र देव आदिनाथ की सभा में आये हुए थे। तब वे दोनों नृतकियों का नृत्य देख रहे थे। उसी समय नीलांजना नामक एक नृतकी की आयु पूरी हो गयी और उसकी मृत्यु हो गयी। यह देखकर भगवान आदिनाथ को मृत्यु के दुखद सत्य का ज्ञान हुआ। उन्होंने उसी समय सांसारिक मोह-माया, राजपाठ इत्यादि त्याग कर सन्यासी बन जाने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना राज्य अपने पुत्र भरत को सौंप दिया और बाकि के पुत्रों में राज्य का भाग बाँट कर सिद्धार्थ नगर चले गए। वहां जाकर उन्होंने वस्त्रों का त्याग किया और नग्न अवस्था में आ गए। अब ऋषभनाथ पूरी तरह से मुनि बन चुके थे।

ऋषभदेव जी के त्याग को देखते हुए उनके साथ कई राजा व प्रजा के लोग भी आये थे जिन्होंने सन्यास ले लिया था। इसमें उनके पुत्र व प्रपोत्र भी थे। चूँकि वह पहले तीर्थंकर थे, इसलिए लोगों को यह नही पता था कि उन्हें आहार में क्या दे एवं किस विधि से दे, इसलिए वे उन्हें आभूषण, हीरे-मोती इत्यादि बहुमूल्य वस्तुएं दिया करते थे, ना कि भोजन। इससे उनके साथ के लोगों में व्याकुलता होने लगी और वे भूख-प्यास से बेहाल होने लगे। तब उनमे से कईयों ने जैन धर्म में से कई अन्य मतों/संप्रदायों की शुरुआत की थी।

इसी तरह भगवान आदिनाथ को बिना भोजन रहते हुए 13 माह से ऊपर हो गए थे। एक दिन वे भ्रमण करते हुए हस्तिनापुर पहुंचे जहाँ उनके प्रपोत्र श्रेयांश ने उन्हें विधि पूर्वक इक्षुजल (मीठा पानी) पीने को दिया। उन्होंने लगभग 1 वर्ष बाद कुछ ग्रहण किया था, इसलिए इस दिन का महत्व बढ़ गया। यह दिन हिंदू कैलेंडर के अनुसार वैशाख माह की शुक्ल तृतीया थी जिसे आज अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। इस दिन का जैन धर्म में बहुत महत्व है। इसके पश्चात भगवान आदिनाथ ने लगभग एक हज़ार वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। अंत में



चांदखेड़ी-श्रीआदिनाथ भगवान

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को प्रयागराज के पुर्वतालपुर उद्यान में वटवृक्ष के नीचे उन्हें कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहाँ पर कैवल्य ज्ञान से अर्थ भूत, वर्तमान व भविष्य का संपूर्ण ज्ञान प्राप्ति से है।

इसके बाद इंद्र देव व बाकि देवताओं ने मिलकर भगवान आदिनाथ के उपदेश देने के लिए समवशरण की स्थापना की थी। इसमें वे देवताओं, मनुष्यों, मुनियों, तिर्यंचो इत्यादि को धर्म का उपदेश दिया करते थे। मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ के 84 गणधर, 84 हज़ार मुनि (साधू या जैन भिक्षु, पुरुष) तथा 3.5 लाख के आसपास साध्वियां (जैन भिक्षु, महिला) थी।

केवल ज्ञान प्राप्ति के पश्चात आदिनाथ तीर्थंकर के रूप में 99 हज़ार वर्ष तक पृथ्वी पर रहे और धर्म का प्रचार-प्रसार किया। जब उनकी मृत्यु के 14 दिन शेष रह गए थे तब वे अष्टपद पर्वत (कैलाश पर्वत) चले गए थे। अंत में उन्होंने माघ मास की कृष्ण चतुर्दशी के दिन निर्माण/ मोक्ष को प्राप्त कर संसार के आवागमन से मुक्त हो गए। इस दिन को जैन धर्म में भगवान आदिनाथ के निर्वाणोत्सव या मोक्ष प्राप्ति के रूप में मनाया जाता है।

उनके साथ ही उनके कई भक्तों/मुनियों ने समाधि ले ली थी तथा मोक्ष को प्राप्त किया था। इसके पश्चात स्वयं इंद्र देव सभी देवताओं के साथ कैलाश पर्वत आये थे और भगवान आदिनाथ के शरीर (नख और बाल) का अंतिम संस्कार किया था। उसके कुछ वर्षों में तृतीय काल का अंत हो गया था तथा जैन धर्म का चतुर्थ काल शुरू हुआ था। हिंदू धर्म के कई ग्रंथों में ऋषभदेव या आदिनाथ जी के नाम का उल्लेख मिलता हैं। महापुराण में उन्हें भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से एक अवतार बताया गया हैं। सर्वप्रसिद्ध भागवतपुराण में भी लिखा गया है कि जैन धर्म के संस्थापक ऋषभ देव जी थे। उन्हें एक महान ऋषि व तपस्वी की संज्ञा दी गयी है।

आइए हम आज के दिन मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का ज्ञान एवं नियमानुसार एवं व्यवस्थित जीवन यापन के ज्ञान प्रदाता प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ को याद करे।

–संकलन: भागचंद जैन मित्रपुरा
अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।

चाकसू में शील की डूंगरी पर भरा मेला, लाखों श्रद्धालुओं ने मनौतियां मांगीं

चाकसू, (निसं)। शीतला अष्टमी पर कस्बे के शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में दो दिवसीय लक्खी मेला भरा। लाखों श्रद्धालुओं ने माता की चौखट पर मत्था टेकर ठंडे पकवानों का भोग लगाया और परिवार की सुख समृद्धि की मनोतियां मांगी। माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाने के साथ ही प्रत्येक घर के सदस्य ने उसी ठंडे बासी भोजन को ग्रहण किया।

मेले को लेकर मंदिर श्री शीतला माता ट्रस्ट एवं प्रशासन की ओर से चाकचौबंद व्यवस्था होने के कारण मेला शांतिपूर्ण ढंग से भरा और किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं मिले। मंगलवार शाम से ग्रामीण क्षेत्र से लोग रंग बिरंगे परिधान पहनकर, नाचते कूदते माता के दरबार में पहुंचे और मेले की रौनक बढ़ाई, मेले में लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे।

मेले स्थल पर नगरपालिका, पुलिस, जलदाय, विद्युत एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी विभिन्न व्यवस्था संभालते नजर आए। वहीं ग्रामीणों के लिये उपयोगी सभी तरह के कृषि औजार की दुकानों के अलावा, मनोरंजन के साधन व लोक गीत आकर्षण केन्द्र रहे। एसडीएम अशोक रिणवा, एडिशनल एसपी भरत लाल मीणा, एडिशनल एसपी मनोज शर्मा एडिशनल एसपी नीरज पाठक, एसपी संध्या यादव, थानाधिकारी भूरी सिंह, पालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा सहित कई अधिकारी कर्मचारी मेला स्थल पर डटे रहे और व्यवस्थाओं को संभालते हुए नजर आए।



लाखों श्रद्धालुओं ने माता की चौखट पर मत्था टेककर भोग लगाया और सुख समृद्धि की कामना की।

- शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाने के साथ ही प्रत्येक घर के सदस्य ने उसी ठंडे बासी भोजन को ग्रहण किया
- मेले को लेकर मंदिर श्री शीतला माता ट्रस्ट एवं प्रशासन की ओर से चाकचौबंद व्यवस्था होने के कारण मेला शांतिपूर्ण भरा

भीलवाड़ा में शीतला सप्तमी पर ईलाजी की डोल निकाली

भीलवाड़ा, (निसं)। शीतला सप्तमी पर शहर में परंपराओं के अनुसार मुर्दे की सवारी (ईलाजी की डोल) निकाली गई। जानकारी के अनुसार शहर में दोपहर दो बजे चित्तौड़वाले की हवेली के पास से मुर्दे की सवारी (ईलाजी की डोल) निकली गई। इसमें जिंदा युवक की अर्थी सजाकर बाजार में घुमाया गया और युवक गुलाल उडाते हुए चलते रहे। कुछ युवक अर्थी पर लेटे युवक पर वार करते रहे। इसके चलते वह अर्थी से कूदकर भागने का प्रयास करता तो फिर से उसे सुला दिया जाता। रंग और गुलालों के बीच परम्परानुसार शहर भर में शीतला सप्तमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

रंगोत्सव को देखते पुलिस ने पुख्ता बंदोबस्त किए। होली में खलल नहीं पड़े, इसके लिए पर्याप्त जाप्ता तैनात किया गया। 600 से ज़्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए। इसके अलावा आरएसी की तीन कम्पनी और ढाई सौ होमगार्ड भी सुरक्षा में पुलिस के साथ लगाये गये। साथ ही हुड़दंगियों से सख्ती के साथ निपटने के लिए वीडियो और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी गई। शहरवासियों ने जमकर त्योहार का आनंद लिया।

एसपी आदर्श सिद्धू ने बताया कि संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में खास नजर रही। सुबह आठ से शाम पांच बजे तक जाप्ता तैनात किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने वाले, राहगीरों पर गुलाल फेंकने वालों से सख्ती से निपटा गया। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष में रिर्जव में भी जाप्ता तैनात किया गया था। इसके अलावा घुड़सवार भी कंट्रोल रूम के बाहर तैनात रहे। शहर में सुरक्षा बंदोबस्त में आसपास के थानों से भी प्रभारियों को जाप्ते के साथ बुलाया गया था। जानकारी के अनुसार मेवाड़ में होली का रंग पूरे 15 दिन चलता है। अलग-अलग जगहों पर अलग अलग दिन होली खेली जाती है। जहाजपुर कस्बे में पंचमी को रंग खेला जाता है। भीलवाड़ा, शाहपुरा, गुलाबपुरा व मांडलगढ़ व क्षेत्रों में शीतला सप्तमी व कहीं अष्टमी को रंग व गुलाल खेला जाता है। मांडल में तेरस को होली खेलते हैं।



भीलवाड़ा में शीतला सप्तमी पर परंपराओं के अनुसार मुर्दे की सवारी (ईलाजी की डोल) निकाली गई।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 27 संख्याः 224 प्रभात अजमेर, गुरुवार 16 मार्च, 2023 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



सैंट्रल और वैस्ट अफ्रीका के उष्णकणिबंधीय जंगलों में पाए जाने वाले फॉरैस्ट एलिफैंट्स (अफ्रीकन हाथी की एक प्रजाति) की आबादी गत 30 वर्षों में तेजी से घटी है, इन्टरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) ने भी इन्हें गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजाति का दर्जा दिया है। फॉरेस्ट एलिफैंट्स को आवास विनाश और अवैध शिकार से भारी नुकसान हुआ है और गत 12 साल में इनकी आबादी में 65 प्रतिशत की कमी आई है। सेंट लुइस युनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना कि, फॉरेस्ट एलिफैंट्स की आबादी में कमी आने से ट्रॉपिकल रेनफॉरैस्ट के कार्बन स्टोरेज पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि, अगर फॉरेस्ट एलिफैंट्स लुप्त हो जाते हैं तो सैन्ट्रल अफ्रीका और वैस्ट अफ्रीका के वर्षा वनों की, वातावरण से कार्बन सोखने की क्षमता 6 से 9 प्रतिशत कम हो जाएगी, जिसका नतीजा होगा ग्लोबल वॉर्मिंग में और तेजी। प्रोसीडिंग्स ऑफ नैशनल अकैडमी ऑफ साईन्सेज़ में छपे इस शोध में वरिष्ठ लेखक, सेंट लुइस युनिवर्सिटी के स्टीफन ब्लेक और मुख्य शोध लेखक, फ्रांस की लैबोरेटरी ऑफ क्लाइमेट एण्ड एनवायरमैंटल साइन्सेज़ से जुड़े, फेबिओ बर्ज़ाशी ने अफ्रीकन रैन वॉटर फॉरैस्ट पर हाथियों के प्रभाव की जांच की है। ब्लेक ने कहा, ये हाथी जंगल की जैवविविधता को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनकी संख्या घटने से जंगल की जैवविविधता भी घट जाएगी। क्योंकि, ट्रॉपिकल फॉरैस्ट के लिए ये हाथी कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं। ट्रॉपिकल वनों में दो तरह के पेड़ होते हैं, एक तो लो कार्बन डैन्सिटी वाले दूसरे हाइकार्बन डैन्सिटी वाले। लो कार्बन डैन्सिटी वाले वृक्ष तेजी से बढ़ते हैं और सूर्य की रोशनी तक जल्दी पहुंच जाते हैं, वहीं, हाई कार्बन डैन्सिटी वाले वृक्ष धीमी गति से बढ़ते हैं और सूर्य की रोशनी तक देर से पहुंच पाते हैं। हाथी लो कार्बन डैन्सिटी वाले वृक्षों को खाते हैं, जो ज्यादा पौष्टिक होते हैं, इससे वृक्षों की डैन्सिटी कम हो जाती है तथा जंगल में अधिक रोशनी आती है। परिणामस्वरूप रोशनी, स्थान और मिट्टी के न्यूट्रिएंट्स के लिए पेड़ों के बीच प्रतिस्पर्धा कम हो जाती और हाई कार्बन डैन्सिटी वाले पेड़ अधिक पनपते हैं। स्टीफन ने कहा, एक तरह से हाथी जंगल के बागबान हैं। वे जंगल में हाई कार्बन डैन्सिटी वाले वृक्ष उगाते हैं और खरपतवार और लो कार्बन डैन्सिटी वाले वृक्षों को नष्ट करते हैं।

दिल्ली पुलिस ने त्रि स्तरीय सख्त बैरिकेडिंग करके विपक्ष को ई.डी. कार्यालय जाने से रोका

खड़गे ने कटाक्ष किया, दो सौ व्यक्तियों को रोकने के लिये 2000 पुलिसकर्मी लगाये गये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर दिल्ली पुलिस ने 200 सांसदों का संसद भवन से ई.डी. परिसर तक का मार्च रोकने के लिए त्रिस्तरीय बैरिकेडिंग की इतनी भारी पुलिस तैनात की गई थी मानों आतंकवादियों को रोका जाना हो।

असहिष्णु मोदी सरकार ने सांसदों को मार्च करने की अनुमति नहीं दी और उन्हें अपना पत्र ई.डी. को ई–मेल के जरिए भेजना पड़ा।

मार्च के लिए 18 दलों को आमंत्रित किया गया था। रोचक बात यह रही कि इसमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और शरद पवार की एन.सी.पी. शामिल नहीं हुई।

उम्मीद है कि विपक्ष के सांसद कल फिर मार्च करेंगे और सी.बी.आई. दफ्तर जाएंगे।

पता चला है कि राहुल गांधी जो सोमवार रात लंदन से लौट आए थे, न तो संसद भवन आए न ही मार्च में शामिल हुए। देखते हैं कि वे कल आते है या नहीं।

- एक उल्लेखनीय बात यह भी रही कि, तृणमूल कांग्रेस व शरद पवार पार्टी, एन.सी.पी. विपक्ष के इस प्रदर्शन में शामिल नहीं हुई।
- जैसा कि विदित ही है, विपक्ष ई.डी. को विपक्ष की ओर से एक पत्र देने के लिये ई.डी. के दफ्तर की ओर मार्च कर रहा था।
- पत्र में अडानी-हिंडनबर्ग मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया है कि, कैसे केन्द्रीय जांच एजेन्सियों का दुरूपयोग किया जा रहा है, भाजपा के राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु।
- अंत में विपक्ष को मजबूरन अपना पत्र ई-मेल से ई.डी. को भेजना पड़ा।
- कांग्रेस का कहना है, अडानी-हिंडनबर्ग इशू से ध्यान हटाने के लिए, भाजपा संसद में राहुल गांधी द्वारा लंदन में की गयी टिप्पणी को बड़ा मुद्दा बना रही है तथा संसद नहीं चलने दे रही।
- राहुल गांधी देर रात को लंदन से लौट आये, पर संसद नहीं गये।

सत्तारूढ़ पार्टी और इसके सांसदों राहुल गांधी से उनकी कैम्ब्रिज में की गई टिप्पणी को लेकर माफीनामे की मांग की और संसद के दोनों सदनों में इस मसले पर भारी हंगामा किया व काम नहीं होने दिया। सत्ता पक्ष का कहना है कि राहुल ने विदेश में भारत की प्रतिष्ठा व गरिमा को आहत किया है और उनका बयान राष्ट्र विरोधी कृत्य है। राहुल गांधी की टिप्पणी के मुद्दे पर गत तीन दिन से संसद ठप्प की जा रही है। वहीं विपक्ष अडानी पर निशाना साधे हुए है और अडानी के मोदी से संबंधों की ओर उसके बिज़नैस की जांच के लिए जे.पी.सी. गठन की मांग कर रहा है।

मोदी सरकार अडानी पर कोई चर्चा नहीं चाहती है। और इस मुद्दे से ध्यान भटकाने और राहुल पर लगातार हमला करने के लिए कैम्ब्रिज में की गई राहुल की टिप्पणी उनके लिए एक आसान हथियार साबित हो रही है। विपक्ष ने ई.डी. को अडानी मुद्दे पर जो पत्र लिखा है उसमें 5 प्रमुख बिंदु है, जिनमें विपक्षी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

'नवरात्रि के दौरान रामायण व दुर्गा सप्तशती का पाठ करवायें'

मु.मंत्री आदित्यनाथ ने यू.पी. के सभी जिलाधीशों को आदेश दिये व एक लाख रूपये का बजट स्वीकृत करके दिया, हर जिलाधीश को, इसे मूर्त रूप देने के लिये

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 मार्च। योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा आगामी चैत्र नवरात्र के दौरान रामायण और दुर्गा सप्तशती के पाठ कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेटों को दिए गए निर्देशों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या इसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पूर्व हिन्दुओं के अधिकांश वोट जुटाने की भाजपा की किसी रणनीति के तौर पर देखा जाए? या यह काम "हिन्दू राष्ट्र" की स्थापना की घोषणा के समान है? या फिर क्या यह कोई मुद्दा ही नहीं हैं?

धार्मिक मामलों में राज्य की भागीदारी हमेशा से विवादास्पद विषय रहा है। सोमनाथ मंदिर जब दोबारा बनाया गया था तब उन्होंने इसके उद्घाटन कार्यक्रम में सरदार वल्लभ भाई पटेल और तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के शामिल होने का विरोध किया था। पर दोनों कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

- मजे की बात है कि किसी भी विपक्षी पार्टी ने इस आदेश की आलोचना नहीं की, कुछ ने, जैसे सपा के अखिलेश यादव और कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने राशि कम बताकर कटाक्ष किया।

राजनेताओं व राज्यपालों द्वारा ईद के अवसरों पर इफ्तार दावतों का आयोजन कुछ साल पहले तक बेहद आम था। सरकारें कुंभ मेला के आयोजनों में हमेशा सक्रिय रूप से भागीदार रही हैं और हज यात्रियों को काफी राहत व सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन हालिया वर्षों में राज्य और धर्म के बीच का संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम जन्म भूमि पर राम मंदिर के लिए स्वयं भूमि पूजन किया था। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाती है। और अब डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेटों को आदेश दिए गए हैं कि वे जिला स्तरीय

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

गैस गीज़र से हादसे में दम्पति की मौत

शाहपुरा, 15 मार्च (निसं)। कस्बे के एजेन्सी मोहल्ले के एक मकान के बाथरूम में लगे गैस गीज़र से पति पत्नी की मौत हो गई तथा 4 साल का मासूम बाल- बाल बच गया।

पुलिस के अनुसार एजेन्सी मोहल्ला निवासी शिवनारायण, 37 साल व कविता 35 साल, होली खेलकर बाथरूम में चार साल के बच्चे के साथ नहाने गये थे। काफी समय तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तथा अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने पर दरवाजा तोड़ा गया। बाथरुम में पति पत्नी व मासूम बालक अचेत पाए गए। परिजन तीनों को लेकर

- शाहपुरा में हुए इस हादसे में दम्पति का चार साल का बेटा बाल-बाल बच गया। आशंका है कि, शायद यह हादसा गैस गीज़र में लीकेज के कारण हुआ है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

एक और बैंक फेल होने के कगार पर

विश्व के आठवें सबसे बड़े बैंक क्रैडिट स्वीस में भी बैंक से पैसा निकालने वालों की लम्बी लाईन लगी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 मार्च। स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ग्लोबल फाइनैंशियल सैक्टर संपूर्ण संकट की ओर बढ़ता हुआ लग रहा है।

ग्लोबल फाइनैंशियल सर्किल में बढ़ती मनहूसिया को देखते हुए भारत को इस समस्या को रोकने के लिए समूचित उपाय कर लेने चाहिए और रक्षात्मक कदम पहले ही उठा लेने चाहिए।

एस.वी.बी. ऑफ सिग्नेचर बैंक फेल हो चुके है और अब विश्व का आठवां सबसे बड़ा बैंक "क्रेडिट स्वीस" भी दिवालिया होने के कगार पर है। क्रेडिट स्वीस विश्व भर में इन्वैस्टमैंट बैंकिंग में एक प्रतिष्ठित नाम है। हाल ही तक यह स्थिरता का प्रतीत माना जाता था।

हाल ही में क्रेडिट स्वीस बुरे दौर से गुजरा। इसे दो इन्वैस्टमैंट में 15 अरब डॉलर गंवाने पड़े। एक निवेश यू.एस. की फर्म में था, दूसरा निवेश ब्रिटेन की एक फर्म में था। चूंकि यह बड़ा बैंक है इसलिए इस नुकसान की भरपाई कर सकता था। तथापि, एक बार फिर से पीड़ा की यह वही पहले जैसे कहानी है।

- फाइनैन्शियल दृष्टा व विशेषज्ञ रॉबर्ट कियोसाकी ने इस बारे में कहा, "आग लग चुकी है तथा दमकलें दौड़ रही हैं।" कियोसाकी ने आज से तेरह साल पूर्व, अमेरिका के बैंकिंग सिस्टम के स्तम्भ लीमन ब्रदर्स के फेल होने की सबसे पहले भविष्यवाणी की थी।
- विश्व के लीडिंग व्यवसायिक बैंकों ने अचानक अपनी "मॉनिटरी पॉलिसी" बदली, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय बॉण्ड मार्केट "क्रैश" कर गया, जिससे बैंकों की आर्थिक स्थिति खतरे में पड़ गयी।
- हाल ही में दो इन्वैस्टमैंट में, एक अमेरिका में व दूसरा इंगलैण्ड में, क्रैडिट स्वीस ने 15 अरब डॉलर का नुकसान उठाया था। यह नुकसान बैंक झेल जाता, पर इस नुकसान की खबर से, बैंक से पैसा निकालने वालों की लम्बी लाईन लग गयी और बैंक फेल होने के कगार पर पहुंच गया।

खड़े ट्रक से पिकअप टकराई

पिंडवाडा, 15 मार्च (निसं)। पिंडवाड़ा के ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे फोरलेन मार्ग पर परलाई भारत पेट्रोल पंप के पास सड़क के बीच खड़े ट्रक से एक पिकअप टकरा गई, जिससे पिकअप चालक और साथ में बैठे युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम 5 बजे करीब नरेंद्र सिंह, पुत्र रामू सिंह शेखावत, निवासी हिम्मतनगर व कालू, निवासी हिम्मतनगर, मेहसाणा से पिकअप गाड़ी में अंगूर भर कर फोर लेन हाईवे से शिवगंज की ओर जा रहे थे। झाड़ोली फोरलेन हाईवे तिराहे से कुछ ही दूरी पर पिंजरा पोल गौशाला पेट्रोल पंप के पास पहुँचे ही थे कि, एक ट्रक ने ओवरटेक किया और पिकअप सड़क के बीचों बीच खड़े ट्रक के पिछले हिस्से से

- दुर्घटना में पिकअप के चालक और साथ बैठे युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अमेरिका की सीनेट में सर्वदलीय प्रस्ताव पेश

प्रस्ताव में गया है कि, अमेरिका मैकमोहन रेखा को भारत-चीन के बीच अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में पूरी तरह स्वीकार करता है तथा अरूणाचल प्रदेश भारत का ही हिस्सा है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 मार्च। चीन-भारत सीमा विवाद में चीन को बड़ा झटका देते हुए अमेरिका ने मैकमोहन लाइन को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देकर एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलने की घोषणा की है। उसने अरूणाचल प्रदेश को भारत का आंतरिक भाग बताया है। वर्ष 1914 में तिब्बत और ब्रिटेन के बीच शिमला समझौता हुआ था। इस समझौते का नामकरण सर हैनरी मैकमोहन के नाम पर किया गया जो भारत की तत्कालीन ब्रिटिश सरकार में विदेश सचिव थे और चीन के साथ विवादों का समाधान करने में मुख्य वार्ताकार थे।

अमेरिका की द्विदलीय सीनेट के एक प्रस्ताव में कहा गया है कि ऐसे वक्त में, जबकि चीन स्वतंत्र एवं उन्मुक्त इण्डो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करना जारी रखे हुए हैं, सीनेट में प्रस्ताव पेश करने वाले सीनेटर कजैफ मार्कली ने कहा कि इस क्षेत्र में अमेरिका के लिए अपने सामाजिक सहयोगियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना जरूरी है, खासतौर पर भारत के साथ।

सीनेटर ने कहा कि द्विदलीय प्रस्ताव अरूणाचल प्रदेश को भारत के आंतरिक भाग के रूप में मान्यता किए जाने का समर्थन करता है। इसमें लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एल.ए.सी.) पर यथा स्थिति बदलने को लेकर चीन के सैन्य आक्रमण की भर्त्सना की गई और स्वतंत्र एवं सबके लिए खुले इण्डो-पैसिफिक के समर्थन में भारत-अमेरिका सामरिक साझेदारी और क्वाड को और मजबूत किए जाने पर जोर दिया गया।

- प्रस्ताव को विस्तार से समझाते हुए, सिनेटर्स ने एक आवाज में कहा कि, क्योंकि चीन अमेरिका के लिये लगातार गंभीर धमकी प्रस्तुत कर रहा है, अमेरिका को उस क्षेत्र में अपने साथी व मित्र के साथ खड़ा होना चाहिये।
- प्रस्ताव में भारत को धन्यवाद भी दिया गया है कि, भारत ने बड़ी बहादुरी से चीन की सीमा पर दी गयी चुनौती का जवाब दिया है तथा सीमान्त क्षेत्र में टैलिकम्युनिकेशन के व आवागमन के आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ किया है।

पिछले छह वर्षों में एल.ए.सी. से लगाते ईस्टर्न सैक्टर में भारत और चीन के बीच सबसे बड़ी झड़प होने के बाद यह प्रस्ताव आया है।

प्रस्ताव, पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पी.आर.सी.) के इन दावों का भी खंडन करता है कि अरूणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। इस हिस्से में चीन लगातार आक्रामक हो रहा है और अपनी विस्तारवादी नीतियों को लागू कर रहा है।

मार्कली ने कहा कि अमेरिकी मूल्य स्वतंत्रता और नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन करते हैं, जिन्हें पूरी दुनिया में हमारे कार्यों संबंधों का केन्द्र होना चाहिए। खासतौर पर तब, जबकि चीन सरकार एक वैकल्पिक दृष्टिकोण अपना रही है।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव समान विचारों वाले अन्तर्राष्ट्रीय सहयोगियों और दानदाताओं के साथ ही क्षेत्र के लिए समर्थन और सहायता को मजबूती प्रदान करता है।

सीनेटर्स का निदलीय प्रस्ताव एल.ए.सी. पर यथा स्थिति में बदलाव के लिए पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पी.आर.सी.) द्वारा सैन्य शक्ति का उपयोग करने, विवादित क्षेत्रों में गांवों का निर्माण करने, शहरों में मंदारिन भाषा के नामों और मानचित्रों का प्रकाशन करने, अरूणाचल प्रदेश और भूटान में क्षेत्रीय दावों के साथ पी.आर.सी. का विस्तार करने सहित चीन के अन्य उकसावों की भर्त्सना करता है।

यह बताते हुए कि अरूणाचल प्रदेश में बौद्ध शहर तवांग है, जहां पवित्र तवांग मठ है और जो छठे दलाई लामा त्यांग्यांग ग्यात्सो की जन्म भूमि है, प्रस्ताव कहता है कि चीन ने दलाई लामा व अन्य नेताओं की अरूणाचल प्रदेश यात्राओं पर कूटनीतिक आपत्तियां उठाई हैं तथा अरूणाचल के निवासियों को चीन की यात्रा के लिए वीज़ा देने से इंकार किया है।

इसमें कहा गया कि चीन के भड़काऊ रवैये से अरूणाचल प्रदेश में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

गैस सिलैण्डर का पाइप फटने से तीन घायल

सुजानगढ़, 15 मार्च (निसं)। निकटवर्ती गांव भीमसर में एक शादी समारोह के दौरान गैस सिलेण्डर के पाईप में आग लगने से तीन जने घायल हो गए, जिन्हे राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है।

अस्पताल में भर्ती हलवाई नेमीचंद, पुत्र तारूराम माली, उम्र 40 वर्ष, निवासी भीमसर, ने बताया कि, वो लोग गांव के बाबूलाल वाल्मीकि के यहां उसकी पुत्री की शादी में रसोई बनाने का कार्य कर रहे थे। खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेण्डर के पाइप ने आग

- सुजानगढ़ के एक गांव, भीमसर में शादी समारोह के दौरान यह हादसा हुआ, जिसमें हलवाई व उसके दो साथी घायल हो गए।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

जागृवी
सख्त मल (कब्ज) व पेट की परेशानियों का आयुर्वेदिक उपचार
सख्त मल (कब्ज) के लिए
जयपुर का जागृवी चूर्ण
www.jagraviherbal.com

प्रधानाचार्य की कार पर आधा दर्जन लोगों ने हमला किया

हमले में कार सवार इंदोली व हिंडोला स्कूल के प्रधानाचार्य घायल हो गये

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के इंदोली सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य रामुलाल जाट की कार पर दूदू-छाण स्टेट हाईवे के गनवर पैट्रोल पम्प के पास कार सवार आधा दर्जन लोगों ने हमला कर कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया व हमले में कार सवार इंदोली व हिंडोला स्कूल के प्रधानाचार्य घायल हो गये। जिन्हें मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

सूचना पर मालपुरा अस्पताल पहुंचे एएसआई भागचन्द चौधरी द्वारा की गई पूछताछ में हिंडोला यूपीएस प्रधानाचार्य भंवर लाल जाट निवासी पीपल्या ने बताया कि बुधवार को इंदोली प्रधानाचार्य रामु लाल जाट के साथ वो कार से केरिया गोविन्दपुरा से मालपुरा आ रहे थे। इसी दौरान गनवर पैट्रोल पम्प के पास कार सवार तकरीबन आधा दर्जन लोगों ने कार के आगे अपनी कार फंसा फिल्मी अंदाज में उनकी कार पर ताबडतोड हमला कर दिया। हमले में रामु लाल जाट बुरी तरह घायल हो गये। बीच-बचाव करने पर उन पर भी हमला कर दिया।

वहीं पीड़ित रामु लाल जाट ने बताया कि जयराम जाट व उसके परिवारजनों सहित परिचितों द्वारा मुख्य सड़क किनारे सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध तूड़ी का कारोबार किये जाने तथा अतिक्रमण से सड़क पर आये दिन दुर्घटनाएं होने की शिकायत उपखण्ड व जिला प्रशासन से सैकडों बार की गई। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर ऑनलाईन शिकायत भी की गई। जिसके चलते जयराम व उसके परिजनों ने उसे कई बारधमकियां भी दी है। पुलिस कार्यवाही नहीं होने व अपनी दबंगाई दिखाते हुए आज उन पर जानलेवा हमला किया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद चोटिल प्रधानाचार्य भंवर जाट को को छुट्टी दे रामु जाट को जयपुर रैफर किया गया।



हमले से घायल इंदोली प्रधानाचार्य रामु लाल जाट को मालपुरा अस्पताल में भर्ती कराया।

- घायलों को मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया
- सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत करना पड़ा महंगा

शॉर्ट सर्किट होने से कूलर प्लांट में लगी आग, आठ लाख का नुकसान

दमकल की सहायता से करीब एक घण्टा मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया

नदबई, (निसं)। नदबई क्षेत्र के गांव बुढवारी में स्थित राधा कृष्ण ट्रेडिंग कम्पनी दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। समीपवर्ती लोगों ने निजी डीपबोर की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी। बाद में नदबई नगर पालिका मुख्यालय से दमकल गाडी मौके पर पहुंची।

दमकल की सहायता से करीब एक घण्टा मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले दुकान में रखे करीब आठ लाख रुपए के कूलर व उपकरण पूरी तरह से जलकर बर्बाद हो गए। सूत्रों के अनुसार तो राधा कृष्ण कूलर फर्म पर कूलर निर्माण का कार्य हो रहा। इसी दौरान विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लग गई। अचानक आग लगता देख दुकान में कार्य कर रहे श्रमिकों में अफरा तफरी मच गई। श्रमिकों ने ग्रामीणों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया।

बाद में नदबई नगर पालिका मुख्यालय से दमकल गाडी भी मौके पर पहुंची। दमककल की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले ही दुकान में रखा लाखों रुपए का कूलर सामान पूरी तरह से जलकर बर्बाद हो गया।

यूआईटी ने नोटिस थमाया

बीकानेर, (निसं)। पंचायत समिति ने अपने परिसर में भू रूपांतरण कराए बिना दुकाने किराये पर दे रखी हैं जिससे जयपुर हाईवे पर आवागमन बाधित हो रहा है। यूआईटी ने मौका मुआयना कराने के बाद विकास अधिकारी को नोटिस थमाया है। जयपुर रोड पर बीकानेर पंचायत समिति का भवन है।

पंचायत समिति ने कमाई के उद्देश्य से जमीन का भू-रूपांतरण कराए बिना हाईवे और उसके पास सहकार भवन की तरफ दुकानें बनाकर किराये पर दे दीं। अब वहां पुरानी गाड़ियां, कबाड़ और अतिक्रमण के कारण आमजन को आने-जाने में परेशानी होने लगी है। इसके अलावा शाम के समय वहां संदिग्ध गतिविधियां भी होने लगी है। इस संबंध में नरेन्द्र स्याणी ने शिकायत भी की है। यूआईटी ने मौका मुआयना कराया और जेईएन ने रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के आधार पर यूआईटी सचिव यशपाल आहूजा ने बीकानेर पंचायत समिति के विकास अधिकारी को नोटिस दिया है।

ट्रक आगजनी मामले में गौ तस्कर सहित चार गिरफ्तार

शाहपुरा, (निसं)। भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र में ट्रक को आग के हवाले कर दिया गया। आगजनी मामले में टोडरमल हैड कानि. ने एक रिपोर्ट शाहपुरा थाने में पेश की जिसमें बताया कि फोन सूचना मिली कि कादीसहाना टोल पर एक ट्रक खड़ा है जिसमे अवैध गौवंश भरे हुये है 300-400 लोगों की उन्मादी भीड एकत्रित हो रही है, कोई भी हादसा हो सकता है।

जिस पर मौके पर पहुंचा जहां पर करीबन 300-400 लोगों की भीड़ जमा थी जो काफी आक्रोश मे थी तथा ट्रक मे आग लगाने की बात कर रहे थे। भीड़ में राजेन्द्र बंजारा, गोपाल बंजारा, नरसी बंजारा, दिनेश लुहार, मुकेश प्रजापत तथा अन्य व्यक्ति और भी उपस्थित थे जिन्हें भीड को कानून अपने हाथ नहीं लेने बाबत समझाईश की। मगर भीड़ काफी आक्रोश में थी तथा बछड़ों को बाहर निकाल कर ट्रक में आग लगा दी। बाद में फायर बिग्रेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। जिस पर शाहपुरा थाना में नामजद व अन्य 300-400 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

- शाहपुरा थाना क्षेत्र में बछड़ों को बाहर निकाल ट्रक को आग के हवाले कर दिया

जानकारी देते हुए थाना अधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि शाहपुरा पुलिस ने अनुसंधान तकनीकी सहयोग व वीडियो फुटेज के आधार पर गौ तस्कर व ट्रक में आग लगाने वालों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में और भी अपाधियों को चिन्हीत किये गये हैं जिनकी शीघ्र धरपकड की जावेगी। इस मामले में गौ तस्कर याकुब पिता अयुब खां दलोदा, मन्दसोर को गिरफ्तार कर लिया है।

स्कूल जा रहे दो छात्रों के साथ लोगों ने की मारपीट

घायल छात्र को मालपुरा अस्पताल में भर्ती कराया


घायल बच्चे

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा थाना क्षेत्र के मैहरू गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने जा रहे दो छात्रों के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्रों को मालपुरा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता ने बताया कि वो अपने परिवार के साथ छेपट की ढाणी के खेतों में डेरा डाल फसलों की रखवाली का कार्य करता है। 27 फरवरी को मैहरू गांव के कुछ लोगों ने खेतों में शराब पीकर उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया तो चिल्लाने पर मौके से भाग छूटे। जिसकी शिकायत उसने सरपंच व ग्रामीणों सहित टोरडी चौकी पर की। लेकिन कहीं से भी उसे राहत नहीं मिली।

- दोनों छोटे भाई जान बचाकर मौके से भाग छूटे

शराबी लोग लगातार उसे धमकियां दे रहे थे। जिसकी दहशत से उसके चारों बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया। बच्चों को समझाकर बुधवार को स्कूल भेजा तो स्कूल पहुंचने से पहले ही गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। जिसमें हंसराज व मनोज जाति मोग्या घायल हो गये। इसी दौरान इनके दोनों छोटे भाई जान बचाकर मौके से भाग छूटे। जिनका कोई सुराग नहीं मिल रहा है।

आखिर दोनों छोटे बच्चे कहां गायब हो गये, परिजन तलाश में जुटे हुए हैं। अस्पताल में दोनों घायल बच्चों का उपचार शुरू किया गया तथा मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गई।

नदी में मगरमच्छ होने पर रेस्क्यू

करौली, (नि.सं.)। आस्थाधाम कैलादेवी की कालीसिल नदी में मगरमच्छ होने की सूचना पर वन विभग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। टीम को सूचना मिली कि कालीसिल नदी में मगरमच्छ है। सूचना पर वन विभाग रेंज कैलादेवी, थाना अधिकारी कैलादेवी मय टीम के कालीसिल नदी पर पहुंचे जहां मगरमच्छ होने की प्राप्त सूचना पर रेस्क्यू दल द्वारा कालीसिल नदी में नाव (बोट) से नदी के मध्य भाग एवं सभी घाट किनारों पर तलाश किया लेकिन कोई मूमेंट नहीं मिला। रेस्क्यू दल के साथ में दशरथ सिंह रेंजर, रामदयाल, थाना अधिकारी, धर्मेंद्र सिंह वनपाल, पुष्पेन्द्र सिंह मावई साथ रहे।

भीलवाड़ा में खेली प्राकृतिक होली

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले में चुकंदर का रस, हल्दी, चंदन, मुल्तानी मिट्टी और टेसू के फूल जैसे प्राकृतिक पदार्थों से बनाए गए मिट्टी से पारिवारिक होली समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित होली मनाने पहुंचे। सबसे खास बात यह रही कि इस आयोजन को पूरी तरह व्यसन मुक्त और रासायनिक रंगों से दूर रखा गया। युवा, बुजुर्ग महिला और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होकर होली के पर्व का आनंद लिया।


- इस आयोजन को पूरी तरह व्यसन मुक्त और रासायनिक रंगों से दूर रखा गया


होली खेलने के दौरान लोगों ने चुकंदर का रस, हल्दी-चंदन, मुल्तानी मिट्टी मिलाकर लेप लगाया।

लक्ष्मण सिंह राठौड़ बताया कि भीलवाड़ा में बड़े धूमधाम से होली का पर्व मनाया जा रहा है। इसमें सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से पहली बार प्राकृतिक मिट्टी की होली का आयोजन किया गया इसमें शहर के सभी सामाजिक लोग और सेवा कार्य से जुड़े लोग परिवार सहित पहुंचकर होली का आनंद लिया। इस आयोजन में रासायनिक रंगों से दूर प्राकृतिक मिटी का समावेश किया गया है। पार्षद लव कुमार जोशी का मानना है कि होली भारतीय संस्कृति का प्रमुख त्यौहार है।

इसे प्राकृतिक तौर तरीकों और साधनों से मनाया जाए। इसी परिपाटी को विकसित करने के लिए यह आयोजन किया गया है। योग व प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. उमाशंकर शर्मा ने बताया कि होली के पहले स्किन भले ही कितनी भी अच्छी क्यों ना हो पर होली खेलने के बाद स्किन में रैशेज पड़ना, दाने आना और किसी तरह का इन्फेक्शन होना आम बात है। शरीर के किसी भी हिस्से की स्किन पर होली के रंगों का असर हो सकता है। मिटी लेप तनाव व अनिद्रा की समस्या समाप्त होती है। यह ब्लड प्रेशर को संतुलित करता है और इस से त्वचा संबंधी रोगों में चमत्कारी लाभ मिलता है। यह नसों की कमजोरी से होने वाले सभी रोगों में लाभदायक है।

लेहाना घाटी पर गेहूं के भूसे से भरा ट्रेलर पलटा


डूंगरपुर के नेशनल हाईवे-48 पर पलटा गेहूं से भरा ट्रक।

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के एनएच 48 हाईवे पर बुधवार दोपहर को एक गेंहू के भूसे से भरा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार अलवर से गेहूं का भूसे के कट्टे भर कर गुजरात के अहमदबाद जा रहा था। रास्ते में बिछीवाड़ा के लेहाना घाटी के निकट दोपहर को ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा गया। जिससे ट्रेलर कट्टो में भरा गेहूं का भूसा हाइवे पर चारों ओर बिखर गया।

ट्रेलर के पलटने से हाईवे पर एक तरफा जाम लगा गया। सूचना मिलने पर मौके पर बिछीवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा क्रेन की मदद से ट्रेलर सड़क से हटवाकर आवागमन सुचारू किया।

बस ने दशामाता पूजन करने जा रही महिला को कुचला

पुलिस ने समझाइश कर किया मामला शांत

उदयपुर, (कासं)। शहर के समीप साईफन चौराहा पर दशामाता पूजन करने जा रही महिला को रोडवेज बस ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसका पता चलने पर विप्र सेना की भीड़ मोर्चरी पर जमा हो गई तथा अपनी मांगें नहीं मानने तक शव लेने से इनकार कर दिया। पुलिस ने समझाईश कर मामला शांत किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार तड़के शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र साईफन निवासी कुमुद जोशी (59) पत्नी भूपेन्द्र जोशी अपनी पुत्री के साथ शितला माता पूजन करने के लिए जा रही थी। जहां बीच रास्ते साईफन तिराहा पर उदयपुर से जोधपुर जा रही रोड़वेज बस के चालक ने राह चलते कुमुद को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को देख चालक बस लेकर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर ब्रम्ह समाज एवं विप्रसेना संरक्षक दिनेश भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा, महामंत्री गोविन्द दिक्षित, के अलावा कई कार्यकर्ताओं की भीड एमबी चिकित्सालय मोर्चरी पर इकठ्ठा हो गई तथा घटना से आक्रोषित सभी ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने सहित विभिन्न मांगे नहीं मानने तक शव लेने से इनकार कर दिया। इधर रोड़वेज प्रबंधन महेश उपध्याय को बुलवा कर गत दिनों में रोड़वेज बस से तीसरी घटना होने की बात कहते हुए उन्हे भी खरी खोटी सुनाई तथा सख्त कार्यवाही की मांग की। इधर सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर समझाईश के बाद मामला शांत करवाया। इस पर एएसआई शिवदत्त ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इधर घटना के बाद पुलिस ने रोडवेज बस को सायरा क्षैत्र में पकडे जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस जांच कर रही है।

- हादसे की सूचना पर लोगों की भीड़ मोर्चरी पर जमा हो गई

फायरिंग के आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (निसं)। शहर के पुरानी आबादी थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले फायरिंग के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने इस इलाके में दो युवकों पर फायरिंग कर दी थी। युवकों के एक साथी के इन्हें ललकारने पर आरोपी भाग गए थे। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुरानी आबादी के मियों की ढाणी निवासी मोहम्मद कैफ पुत्र वेदबक्श ने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने इस मामले में हमला करने वाले युवकों की जानकारी जुटाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मोहम्मद कैफ ने बताया कि वह तेरह मार्च की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अपने भाई मोहम्मद सदीक और सैफ अली के साथ मोहल्ले की दुकान पर चाय और चीनी लेने गया था। इस दौरान प्रमोद उर्फ पोदी, उसका भाई माड़िया,गग्गी, राहुल सोनी और हुकुम स्कूटी पर आए तथा आते ही पूछा कि उनकी कार लेकर कोई यहां आया था। मना करने पर प्रमोद ने उस पर फायर कर दिया। इससे मोहम्मद कैफ के पैर के टखने ओर उसके भाई मोहम्मद सदीक के हाथ की अंगुली पर पिस्तौल का छर्रा लगा। इस मामले में प्रमोद उर्फ पोदी, शक्तिनगर निवासी राहुल उर्फ गगी, पुरानी आबादी के उदाराम चौक निवासी सन्नी सारसर को गिरफ्तार किया है।

भूमाफियाओं द्वारा 'हरे वृक्ष काटे जाने पर' पालिका ईओ ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई

पालिका ईओ ने माना कि नगर पालिका की जमीन वन क्षेत्र हेतु थी आरक्षित

तारानगर, (निसं)। तारानगर के उत्तर की साईड स्थित खसरा नम्बर 306 व 307 का मामला गर्म है व आम जनता में इसका आक्रोश व्याप्त है। तारानगर निवासीयों द्वारा बनाई गई भूमी संघर्ष समिति के तहत ईओ तहसीलदार को ज्ञापन देकर मौके की सच्ची रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग रखी गई।

उपखण्ड अधिकारी द्वारा उक्त भूमि के बारे में मांगी गई रिपोर्ट में ईओ नगर पालिका ने जबाब देते हुए बताया कि भूमि खसरा नम्बर 1513/307 तादादी 6.63857 हैक्टर एवं खसरा नम्बर 933/306 तादादी 15.1740 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 934/306, 108/2 राजस्व रिकॉर्ड अनुसार नगरपालिका सिवायचक के नाम से दर्ज है तथा मुताबिक मास्टर प्लान उक्त भूमि वन क्षेत्र हेतु आरक्षित है। ईओ ने इस भूमी के मालिकाना हक जताने वाले पूर्णमल पुत्र रामकुमार को उसके स्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश दिये है, तो वहीं ईओ नगर पालिका ने थानाधिकारी को एक पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूमि से काटे गये वृक्ष के बारे में एफआईआर दर्ज करवाई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरु की। भूमि संघर्ष समिति अध्यक्ष शंकरलाल महर्षि के नेतृत्व में संघर्ष समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने थानाधिकारी से मिलकर ज्ञापन देते हुए हरे वृक्ष काटने वाले व्यक्तियों को तुरन्त गिरफ्तार करने व जेसीबी मशीन जब्त करने की मांग रखी, साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर उक्त मांग नहीं मांगी गई तो 20 मार्च के पुलिस थाने के आगे धरना प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

गौरतलब है कि उक्त जमीन का मालिका पूरणराम पुत्र रामकुमार निवासी रामपुरा बेरी अभी तक किसी के सामने नहीं आया और ना ही उक्त जमीन को खरीदने वाले सामने आये हैं तो सवाल ये उठता है कि उक्त सरकारी भूमी पर जेसीबी किसने भेजी। इस भूमि को लेकर तारानगर में मामला तूल पकड़ता हुई प्रतीत होता है।

पुलिस थाने में ज्ञापन देते समय भगवती प्रसाद, एडवोकेट जितेन्द्र सिंह, सांखालिया, पार्षद त्रिलोक रेगर, मंगल शर्मा, पंकज मिश्रा, लालचन्द सांखोलिया, जेलदारजी, बाबुलाल शर्मा, प्रमोद शर्मा, सूर्या शर्मा, पार्षद शिवकुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


भूमि संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने शंकरलाल महर्षि के नेतृत्व में थानाधिकारी को ज्ञापन दिया।

- तारानगर में ख.नं. 306 व 307 भूमि विवाद मामला

पंजाब से गुजरात तस्करी कर लाई जा रही अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। अबकारी विभाग ने बुधवार को माखुपुरा के नजदीक बड़ी कार्यवाही अंजाम देते हुए पंजाब से गुजरात तस्करी कर लाई जा रही अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा। ट्रक में टायर की रिम लदान की बिल्टी बनाई थी। आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की 467 पेटियां बरामद की। पकड़ी गई अंग्रेजी शराब की कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस द्वारा अवैध शराब के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।


पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जांच शुरू की।

पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही अवैध शराब से भरा ट्रक को पकड़ा गया। बुधवार को मुखबीर की सूचना पर आबकारी आयुक्त राजेन्द्र सिंह राठौड़, आबकारी अधिकारी महावीर कुमार राठौड़, जिला आबकारी अधिकारी तारामति वैष्णव के निर्देशन में सहायक आबकारी अधिकारी लेखन ब्यास और प्रहरा अधिकारी बंकटसिंह के नेतृत्व में माखुपुरा में जयपुर.ब्यावर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी लगाई गई। मुखबीर की सूचनानुसार नाकाबंदी में हरियाणा रजिस्ट्रेशन नम्बर के ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में पंजाब चंडीगढ़ में निर्मित 467 पेटियां अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रांड की मिली। आबकारी दल ने ट्रक चालक उत्तर प्रदेश मुजफ्फर नगर निवासी सतनाम सिंह को अवैध शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

■ **पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई जा रही है**

पुलिस उससे गहनता से पड़ताल की जा रही है। पड़ताल में आया कि अवैध शराब अम्बाला से गुजरात ले जाई जा रही थी। सतनाम ने बताया कि पंजाब से आए चालक ने उसे बांदरसिंदरी ट्रक दिया। उसको ट्रक गुजरात पहुंचाने के लिए दिया। इससे पहले भी एक ट्रक वह गुजरात सूरत पहुंचा चुका है।

आबकारी दल ट्रक चालक सतनाम के जरिए पंजाब-हरियाणा से गुजरात तक के शराब नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। सतनाम को शराब से भरा ट्रक गुजरात बोर्डर पार करवाना था। इसके बाद ट्रक को कहां, किसको डिलीवरी देनी थी। इसकी उसे जानकारी नहीं दी गई थी।

आनासागर झील में महिला का शव मिला

अजमेर, (कासं)। अजमेर की आनासागर झील में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गंज थाना पुलिस एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम की मदद से झील से शव बाहर निकलवाकर जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया। पुलिस के अनुसार महिला जयपुर की रहने वाली है और पिछले दो दिनों से अपने 20 साल के बेटे के साथ लापता थी। परिजन के शक के आधार पर गंज थाना पुलिस महिला के बेटे की भी झील में तलाश कर रही है। एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम ने बुधवार सुबह झील में तलाशी अभियान चलाया। वही पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टमकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है और महिला के सुसाइड के कारणों को लेकर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि परिजनों ने बताया कि मंगलवार देर रात रामप्रसाद घाट स्थित आनासागर झील में महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और

■ **बेटे की तलाश जारी, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

गोताखोरों की मदद से शव को जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। थाना प्रभारी सिंह ने बताया कि महिला की पहचान जयपुर निवासी मीना अठावाल पत्नी राकेश से हुई। जिसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। बुधवार सुबह परिजन अजमेर पहुंचे और शव की शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि परिजनों ने बताया कि मृतका मीणा 13 मार्च से अपने बेटे अनुभव के साथ घर से लापता हो गई थी। जिसकी शिकायत भी जयपुर के संबंधित थाने में दी गई। परिजनों के अनुसार दोनों मां.बेटे लंबे समय से अवसाद में चल रहे थे। बेटा अनुभव अभी भी लापता है।थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने दी शिकायत में शक जताया है कि महिला के बेटे अनुभव की भी बॉडी झील में हो सकती है। जिसके आधार पर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की मदद से बुधवार सुबह से झील में तलाशी की जा रही है। साथ ही आसपास में लगे सीसीटीवी को भी चेक किया जा रहा है। जिससे कि महिला के बेटे अनुभव की तलाश हो सके।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
न.नि.अ./एम.बी./22-23/2805 दिनांक: 15/03/2023
आपति सूचना
श्री राजकुमार गर्ग पुत्र स्व. श्री रामनिवास गर्ग निवासी 2-ग-17 वैशाली नगर, अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. संख्या 18/9 लगा हुआ है का भाग है जो वाकै पृथ्वीराज मार्ग गौतम स्कूल वाली गली हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 196.88 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।
पूर्व - इसी सम्पति का शेष भाग पश्चिम - अन्य की सम्पति
उत्तर - अन्य की सम्पति दक्षिण - हाथी भाटा में जाने वाली गली है
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
न.नि.अ./एम.बी./22-23/2801 दिनांक: 15/03/2023
आपति सूचना
श्रीमती मनोज खण्डेलवाल पत्नी श्री रमेश खण्डेलवाल निवासी सुन्दर नगर रीजनल कॉलेज के पीछे पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पति/भूखण्ड जिसका ए.एम.सी. संख्या 17/464-ए का भाग है जो वाकै समीरमत कम्पाउण्ड हाथीभाटा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 75.24 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।
पूर्व - प्रहलाद सिंह का भूखण्ड इसी सम्पति का भाग पश्चिम - सम्पति श्री भावेश व अनिल शर्मा की।
उत्तर - श्री अनिल भैंसा का मकान दक्षिण - 20 फुट चौड़ा आम रास्ता।
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

नकली सोना गिरवी रखकर उठाया 27 लाख का लोन

अजमेर, (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र स्थित आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी से नकली सोना गिरवी रखकर 27 लाख रुपए का लोन लेने का एक और मामला सामने आया है। मालूम हो कि पूर्व में भी शातिरों ने बैंक ऑफ इंडिया में नकली सोने रखकर लोन उठाया था। बैंक और फाइनेंस कंपनी के प्रबंधन ने तीन शातिर ग्राहकों सहित पांच लोगों के खिलाफ रामगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। रामगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई मनीराम को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक धाधौली, गच्छीपुरा (नागौर) निवासी महावीर सिंह राठौड़ पुत्र दिलीप सिंह राठौड़ ने रामगंज थाने में लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि फाइनेंस लिमिटेड कंपनी की रामगंज में शाखा कार्यालय गुप्ता पैलेस प्रथम मंजिल रामगंज पुलिस चौकी के पास स्थित, कंपनी आरबीआई के साथ पंजीकृत एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और गोल्ड सिक्योरिटी (गोल्ड लोन) के खिलाफ ऋण सहित विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान करने का व्यवसाय करती है। विगत दिनों रामगंज निवासी पप्पु अपने दो साथी गोरधन व राजेन्द्र के साथ शाखा में पहुंचकर सोने के आभूषणों को गिरवी रखकर लोन के लिए सम्पर्क किया। कंपनी ने आवेदक को 9 दिसम्बर 2022 को 2 लाख 35 हजार का लोन स्वीकृत कर दिया,लेकिन आज तक आवेदक ने लोन नहीं चुकाया, जिसका आज तक ब्याज सहित कुल बकाया राशि 2 लाख 47 हजार 845 चली आ रही है।

इसी तरह 5 जनवरी 2023 को पूजा जैसवार पुत्री कन्हैया लाल निवासी इंद्रा कॉलोनी जयपुर रोड मीरशाह अली कॉलोनी ने भी रामगंज शाखा में जाहिर खान के साथ आकर सोने पर लोन लेने

■ **आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ने पांच जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया**

के लिए सम्पर्क किया। कंपनी ने 5 जनवरी को ही 2 लाख 73 हजार 390 रुपए, 18 जनवरी को 2 लाख 39 हजार 620 रुपए, 21 जनवरी को 5 लाख 49 लाख 548 रुपए, 24 जनवरी को 2 लाख रुपए, 27 जनवरी को 4 लाख 9 हजार 500 रुपए यानि कुल 16 लाख 72 हजार 50 रुपए का लोन लिया, जो तक नहीं चुकाया है, जिसका ब्याज सहित 16 लाख 91 हजार 735 रुपए राशि बकाया चल रही है।

सुनीता जैसवार निवासी 848 इंद्रा कॉलोनी मीरशाह अली ने भी 6 जनवरी को सोना गिरवी रखकर लोन के लिए सम्पर्क किया। कंपनी ने सुनीता का भी 6 जनवरी को 5 लाख 35 हजार 211 रुपए तथा 28 जनवरी को 2 लाख रुपए का लोन लिया स्वीकर दिया। सुनीता ने भी आज तक लोन नहीं चुकाया, जिसकी आज तक ब्याज सहित 7 लाख 43 लाख 530 रुपए की राशि बकाया चल रही है। आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक महावीर सिंह राठौड़ ने बताया कि जब कंपनी द्वारा गहनों की जांच करने पर ऑडिटर ने पाया कि गहने नकली है और कंपनी को धोखा देने के उद्देश्य से ऋण लिया है। शातिरों ने कंपनी से कुल 26 लाख 83 हजार 110 रुपए लोन लिया है, जो आज तक नहीं चुकाया है। राठौड़ ने बताया कि गहनों को विशेष रूप से डिजाईन करवाया गया था, ताकि नकली गहने भी असली की तरह लगे। कंपनी प्रतिनिधि की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अजमेर स्टेशन को मिला 'ईट राइट' स्टेशन सर्टिफिकेट

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर स्टेशन को एफएसएसएआई द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' का दर्जा दिया गया है। अजमेर के साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे के अलवर स्टेशन को भी एफएसएसएआई द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' का प्रमाण-पत्र दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व जयपुर रेलवे स्टेशन को राजस्थान के पहले ईट राइट स्टेशन का दर्जा दिया गया था। खाद्य सुरक्षा के नियमानुसार लगभग 8 माह से चरणबद्ध तरीके से जयपुर एवं अजमेर की एफएसएसएआई टीम और उत्तर पश्चिम रेलवे की टीम इसके लिए प्रयासरत थे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक विजय शर्मा के दिशा निर्देशों से द्वितीय चरण में उत्तर पश्चिम रेलवे पर खानपान सेवाओं की मानक गुणवत्ता हेतु अजमेर और अलवर स्टेशनों को चयनित कर सभी एफबीओ को सूचीबद्ध किया गया तथा सभी एफबीओ के पास एफएसएसएआई खाद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।


उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर स्टेशन को एफएसएसएआई द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' का दर्जा दिया गया है।

स्टेशनों पर प्री ऑडिट चेक लिस्ट के अनुसार कमियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें दूर किया गया तथा सभी सुपरवाईजर्स एवं फूड हेंडलर्स को हाईजीन, स्वच्छता, न्यूट्रीशनल, फूड वैल्यू, टेम्परेचर मेंटेनेंस, हेल्दी एवं सीजनल फूड की उपलब्धता, किचन में प्रयोग किये गए खाद्य तेल का निस्तारण करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देकर सभी को फोस्टेक प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। प्री-ऑडिट व फ़ाइनल ऑडिट के उपरांत अजमेर व अलवर स्टेशन को ईट राइट स्टेशन का दर्जा 2 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है। इसके लिए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. पी. के. सामंतराय, संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त उ. प. रेलवे डॉ. लक्ष्मी मीना, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जयपुर तरुण सैनी, तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अजमेर मनोज कुमार सिन्हा एवं प्रधान कार्यालय फूड सेफ्टी टीम का विशेष योगदान रहा। मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अरुणांशु सरकार को बधाई देते हुए इसे अजमेर मंडल की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
आम सूचना
श्रीमति रतनी देवी पत्नि श्री नाथूलाल ने आवास संख्या 256 ई.डब्ल्यू.एस कोटडा योजना की फ्री होल्ड पट्टे हेतु आवेदन किया है। मूल आवंटी श्री मदन लाल पुत्र श्री पूरनमल जीनगर ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 15.09.1998 से श्री जगदीश चन्द सोनी पुत्र श्री नानूराम सोनी के नाम विक्रय कर दिया। एवं श्री जगदीश चन्द सोनी पुत्र श्री नानूराम सोनी ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 08.01.2000 से श्रीमति रतनी देवी पत्नि श्री नाथूलाल के नाम विक्रय कर दिया अतः क्रेता ने उक्त आवास को खरीदशुदा एवं वर्तमान में स्वयं को उक्त आवास का अंतिम क्रेता बताया है। अतः पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तारण पर अन्तिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में एवं राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.3(1201) नविवि/3/2012 दिनांक 24.03.2021 की अनुपालना में उक्त आवास संख्या 256 ई.डब्ल्यू.एस कोटडा योजना श्रीमति रतनी देवी पत्नि श्री नाथूलाल के नाम फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने से किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं उक्त आवास संख्या 256 ई.डब्ल्यू.एस कोटडा योजना को श्रीमति रतनी देवी पत्नि श्री नाथूलाल के नाम परिवर्तन कर फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण की अलखनन्दा कोलोनी राजस्व ग्राम नौसर अजमेर के आवासीय भूखण्ड /खसरा नः 470 व 524 जिसका क्षेत्रफल लगभग 159.79 वर्गगज है जो कि आवंटी श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नि स्व रामस्वरूप शर्मा निवासी प्लाट न 8 अलखनन्दा कॉलोनी वैशाली नगर एमपीएस स्कूल के पीछे अजमेर की मृत्यु दिनांक 17/7/2015 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसानों क्रमश (1) विमला शर्मा पुत्री स्व. श्रीमती कमला देवी शर्मा जयपुर (2) अम्बा प्रसाद शर्मा फूलेरा (3) मनीष कुमार शर्मा पुत्र अम्बा प्रसाद शर्मा फूलेरा (4) नेहा शर्मा पुत्री अम्बा प्रसाद शर्मा फूलेरा (5) मंजू शर्मा पुत्री श्रीमती कमला देवी शर्मा जोधपुर (6) आंचल शर्मा पुत्री स्व श्रीमती संतोष शर्मा अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियम अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।
योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम घूघरा योजना के आवासीय/व्यवसायिक भूखण्ड सख्या 166 खसरा न 383 व 384 क्षेत्रफल 200 वर्गगज के आवंटी /अन्तरिति स्व श्री युगल किशोर उपाध्याय पुत्र स्व श्री मदन लाल उपाध्याय निवासी कायड रोड घूघरा अजमेर की मृत्यु दिनांक 24/11/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती अचला उपाध्याय पत्नि स्व. श्री युगल किशोर उपाध्याय (2) रितेश उपाध्याय पुत्र स्व श्री युगल किशोर उपाध्याय (3) यश उपाध्याय पुत्र स्व श्री युगल किशोर उपाध्याय निवासी 166 श्री कुंज बैंक कॉलोनी कायड रोड एमडीएस यूनिवर्सिटी ग्राम घूघरा अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती अचला उपाध्याय पत्नि स्व. श्री युगल किशोर उपाध्याय निवासी 166 श्री कुंज बैंक कॉलोनी कायड रोड एमडीएस यूनिवर्सिटी ग्राम घूघरा अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 15/2/2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।
योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

एसोसिएशन की जमीन पर भू माफियाओं की नजर होने का आरोप लगाया

ब्यावर, (निसं)। डायसिस ऑफ राजस्थान तथा यूनाइटेड चर्च ऑफ नॉर्दन इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन मुंबई के पावर ऑफ अटॉनी होल्डर राकेश सैमुअल ने उप पंजीयक ब्यावर को ज्ञापन सौंपकर एसोसिएशन की जमीन पर भू माफियाओं की नजर होने का आरोप लगाया है। उन्होंने किसी भी प्रकार के पंजीकरण करने से पूर्व एसोसिएशन की नजर में मामला लाने की मांग की है।

एसएम चर्च के एडवोकेट सुनील चार्ली ने विस्तृत जानकारी देकर बताया की यूनाइटेड चर्च ऑफ नॉर्दन इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन एक रजिस्टर्ड संस्था है जो भारतीय कंपनीज एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है। राकेश सैमुअल ने बताया कि स्टीफन सिंह तथा कुछ अन्य लोगों द्वारा फर्जी संस्था बनाकर यूसीएनआई रजिस्ट्रेशन नंबर 114/2004 5 चंडीगढ़ में पंजीकृत करवाया गया है। पूर्व में भी इन्होने फर्जी तरीके से ब्यावर शहर में 5 संपत्तियों का अवैध बेचान किया था। उक्त मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। ब्यावर के कुछ प्रभावशाली और राजनीतिक रसूख वाले भूमाफियाओं की भी ट्रस्ट की अन्य जमीन पर नज़र होने के कारण ज्ञापन सौंपकर उप पंजीयक से मांग उठाई थी। किसी भी प्रकार के फर्जी कथा कूटरचित दस्तावेजों को पंजीकरण ना करें तथा ट्रस्ट के पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी जाए जिससे ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में पादरी प्रेम प्रकाश, संदीप पाल, राकेश सैमुअल, चार्ली, वीरेंद्र भीमसेन आदि मौजूद रहे।

अभिभावकों ने बनाया स्क्रेप बुक

ब्यावर, (निसं)। सेंदडा रोड के प्रतापनगर स्थित गोकुल किड्स केयर प्ले स्कूल में अभिभावकों ने अपने बच्चों के लिये आर्कषक स्क्रेप बुक (एलबम) को तैयार किया। स्क्रेप बुक में अभिभावकों ने बच्चों की जन्म से लेकर अब तक की सभी सुनहरे पलो की तस्वीरे, सम्पूर्ण परिवार की फोटोग्राफ, बच्चे की अच्छी आदतों, पसंदीदा भोजन, पहनावा, व्यक्ति, विद्यालय आदि जैसे सामग्रीयों को समावेश किया। इसके अतिरिक्त स्क्रेप बुक को विद्वान महापुरूषों के कोटेशन, कविताएं व स्लोगन से सजाया।। संचालिका राजश्री माहेश्वरी ने बताया कि अभिभावकों द्वारा बच्चों के लिये बनाई गई स्क्रेप बुक बच्चों के लिए एक यादगार तोहफा के रूप में है। स्कूल द्वारा प्रोत्साहित किये जाने पर 156 अभिभावकों ने आर्कषक स्क्रेप बुक तैयार की। जिसमें नर्सरी की शानवी आसवानी के अभिभावक विनीता एवं सुरेश आसवानी को बेस्ट स्क्रेप बुक का अवार्ड दिया गया। विजेता अभिभावक को मूमेन्टों व प्रशष्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गणगौर मेला की तैयारियां शुरू

ब्यावर, (निसं)। श्री गोपालजी मौहल्ला गणगौर समिति द्वारा आयोजित 8 दिवसीय गणगौर मेले की तैयारियां गणपति पूजन के साथ शुरू हो गई। 24 मार्च शुक्रवार से गोपालजी मौहल्ला मंदिर के बाहर गणगौर की स्थापना की जाएगी जो 31 मार्च रहेगी। गौरतलब है की प्रतिदिन अलग अलग झांकिया आकर्षक और विशेष श्रृंगार किया जाकर झांकियां सजाई जाती है। प्रतिदिन सैकडों की संख्या में शहरी और क्षेत्र से लोग परिवार सहित झांकियों के दर्शनार्थ आते है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चन्द्रवरदाई नगर अजमेर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या ए-71 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री बाबु राम शास्त्री पुत्र स्व. श्री शिव हर्ष निवासी ए-71, चंदवरदाई नगर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 05.03.2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सतंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) श्रीमती शान्ति देवी पत्नि स्व. श्री बाबु राम शास्त्री (2) श्रीमती आनन्दा यादव पुत्री स्व. श्री बाबु राम शास्त्री (3) श्रीमती सुनंदा यादव पुत्री स्व. श्री बाबु राम शास्त्री (4) श्री अमित शास्त्री पुत्र स्व. श्री बाबु राम शास्त्री (5) श्री अजित शास्त्री पुत्र स्व. श्री बाबु राम शास्त्री निवासीगण (समस्त) ए-71, चंदवरदाई नगर, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती शान्ति देवी पत्नि स्व. श्री बाबु राम शास्त्री निवासी ए-71, चन्दवरदाई नगर, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 02.01.2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।
योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

प्रारूप-10
नियम-6(7) देखिये
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय - नगर पालिका, केकड़ी जिला (अजमेर)
क्रमांक न.पा.के./कृभूरू/2022-23/7197 दिनांक. 15.3.2023
मामला सं. लोक सूचना
श्री अनिल कुमार राजोरिया पुत्र श्री श्रवनलाल राजोरिया निवासी केकड़ी जिला अजमेर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन किया है-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल
केकड़ी - अजमेर	राजस्व ग्राम अजगरी	खसरा नं. 194, 696/192, 699/195	कुल 0.77 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14-3-2023 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी (न.पा. क्षेत्र) केकड़ी

तेलंगाना हाउस एवं छात्रावास का पट्टा निरस्त करने की मांग

अजमेर, (कासं)। तेलंगाना हाउस एवं अल्पसंख्यक छात्रावास विरोध संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को कोटड़ा, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, पत्रकार कालोनी के बड़ी संख्या में लोगों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट और अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर तेलंगाना हाउस एवं छात्रावास का पट्टा निरस्त करने तथा निर्माण की स्वीकृति नामंजूर करने की मांग की।

तेलंगाना हाउस एवं अल्पसंख्यक छात्रावास विरोध संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रैली निकाल कर जिला कलेक्ट्रेट व अजमेर विकास प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और जमीन आवंटन निरस्त करने की मांग दोहराते हुए कलेक्टर अंशदीप को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर जमा लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का भी पाठ किया। तत्पश्चात पदाधिकारी और क्षेत्रवासी नारेबाजी करते हुए अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। एडीए पहुंचने पर पुलिस जाब्ते ने प्रदर्शनकारियों को अंदर नहीं जाने दिया तो सड़क पर बैठ कर जोरदार नारेबाजी की। जिला कलेक्टर अंशदीप ने पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि अंयत्र जगह आवंटन को लेकर प्रस्ताव मिला है और प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों ने विरोध प्रदर्शन, धरने व ज्ञापन देने के बाद कलेक्ट्रेट पर ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम पोस्टकार्ड भी लिखे।



कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर जमा लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का भी पाठ किया।

तेलंगाना हाऊस एवं अल्पसंख्यक छात्रवास विरोध संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा फेसिलिटी सेंटर कम रूवात गेस्ट हाऊस ऑफ तेलंगाना स्टेट एवं अल्पसंख्यक छात्रवास (हरिभाऊ उपाध्याय नगर) के आवंटन एवं निर्माण हेतु जारी स्वीकृति को तुरन्त प्रभाव से रदद किया जाए अन्यथा इस मुद्दे पर सम्पूर्ण राजस्थान में आन्दोलन कर विरोध और विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। संघर्ष समिति फेसिलिटी सेंटर कम रूवात गेस्ट हाऊस ऑफ तेलंगाना स्टेट एवं अल्पसंख्यक छात्रवास (हरिभाऊ उपाध्याय नगर) के आवंटन एवं निर्माण हेतु जारी स्वीकृति को रद्द कराने के लिए हमारे इस प्रतिवेदन को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान सरकार को अग्रेषित करने की व्यवस्था करें और इस सम्बन्ध में आवंटन एवं निर्माण हेतु जारी स्वीकृति को रद्द कराने की कार्यवाही करें। तेलंगाना हाऊस एवं अल्पसंख्यक छात्रवास विरोध संघर्ष समिति आवंटन एवं निर्माण हेतु जारी स्वीकृति को रद्द कराने के लिए किसी भी स्तर के उठा आन्दोलन के लिए तैयार है। ऐसा होने पर यदि अजमेर शहर में कानून एवं व्यवस्था बिगड़ती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

■ **क्षेत्रवासियों ने किया कलेक्ट्रेट व एडीए पर प्रदर्शन**

नाम परिवर्तन
मेरे आर्मी सर्विस नं.15791339X रैंक-Nk (OPR) नाम -ARVIND SINGH पता- Vill: Dhani Jhakhara, तह. Neem ka Thana जिला Sikar, Raj हैं, मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम SUSHILA दर्ज़ है जो ग़लत है, भविष्य में मेरी पत्नी SUSHILA DEVI के नाम से जाना जाए। शपथ पत्र सं. - BK 162043 dt. 15.03.2023

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के ग्राम चौरसियावास में खसरा सख्या 1453 भूखण्ड संख्या 03 की मूल रजिस्ट्री श्रीमती रोहिणी आर. चांदोरीकर पत्नी श्री राजीव एस. चान्दोरीकर के नाम है। जिसकी मूल रजिस्ट्री खो गई है। जिसकी गुमशुदा रिपोर्ट LR No. 1172770/2021 Dt. 20.08.2021 को ऑनलाईन करा दी गई थी और श्रीमती रोहिणी आर. चांदोरीकर द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि रजिस्ट्री के सभी दस्तावेज गुम हो गये है। अतः खसरा नम्बर 1453 भूखण्ड संख्या 03 ग्राम चौरसियावास का फ्री होल्ड पट्टा श्रीमती रोहिणी आर. चांदोरीकर पत्नी श्री राजीव एस. चांदोरीकर के पक्ष में जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जाएगा।
नियमन प्रभारी
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

प्रारूप-10
नियम-6(7) देखिये
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय - नगर पालिका, केकड़ी जिला (अजमेर)
क्रमांक न.पा.के./कृभूरू/2022-23/7196 दिनांक. 15.3.2023
मामला सं. लोक सूचना
श्री ब्रजेश, श्री राकेश पुत्र श्री किशोरी लाल, श्रीमती पार्वती पत्नी श्री किशोरी लाल श्रीमति बीना पुत्री, श्रीमति विमला श्री किशोरी लाल निवासी केकड़ी जिला अजमेर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि (आवासीय) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन किया है-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल
केकड़ी - अजमेर	राजस्व ग्राम अजगरी	खसरा नं. 192, 195	कुल 2.4100 हैक्टेयर


इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 14-3-2023 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी (न.पा. क्षेत्र) केकड़ी

कार्यालय ग्राम पंचायत जालिया ॥ पंचायत समिति मसूदा अजमेर
क्रमांक - गपजालिया॥/निर्माण/2022-23/02 दिनांक 14.03.2023
ई-निविदा सूचना
ग्राम पंचायत जालिया ॥ के लिए विभिन्न गांवों में निर्माण कार्यों की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुमानित लागत 10.00 -लाख रू. धरोहर राशि 20,000/-, फार्म शुल्क 500/-, टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/- के डी.डी. / बैंकर, चैक दिनांक 25.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक जालिया ॥ में व्यक्तिगतशः उपस्थित होकर जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 27.03.2023 को पंचायत समिति मसूदा के ई-प्रकोष्ठ मे खोली जोवगी। विस्तृत शर्ते निविदा फार्म उल्लेखित है। http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in ZAJ2223WSOB01015 से प्राप्त की जा सकती है।
सरपंच
आदित्य कुमार खेतावत
ग्राम पंचायत जालिया ॥
प.स. मसूदा (अजमेर)

संक्षिप्त

डामरीकरण सड़क के लिए राशी स्वीकृत

मकराना, (निसं)। क्षेत्रीय विधायक रूपाराम मुरावतिया के प्रयासों से



रूपाराम मुरावतिया

राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र मकराना में डामरीकरण सडक निर्माण के लिए 3.50 करोड रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। विधायक मुरावतिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मकराना के तीन राजस्व ग्राम अब तक डामरीकरण सडक से वंचित है। वर्तमान में चल रहे बजट सत्र में राज्य सरकार से इन राजस्व ग्रामों को डामरीकरण सडकों से जोडने की मांग रखी गई थी। विधायक मुरावतिया की माँग पर राशि स्वीकृत की गई है। विधानसभा क्षेत्र मकराना के इन तीनों राजस्व ग्रामों को डामर सडक से जोडने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू करवाया जाएगा। तीनों ही ग्रामों को डामरीकरण सडक स्वीकृत करवाने के लिए ग्रामीणों ने विधायक मुरावतिया का आभार जताया।

शीतला सप्तमी पर धार्मिक कार्यक्रम

मसूदा, (निसं)। शीतला सप्तमी पर लगाया ठंडे व्यंजनों का भोग की पूजा अर्चन मसूदा कस्बे सहित आसपास में शीतला अष्टमी के अवसर पर मसूदा कस्बे सहित में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए इस अवसर पर क्षेत्र में महिलाओं ने शीतला माता को अर्क देखकर शीतला माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं ने शीतला माता को घर में बने ठंडे व्यंजन चावल पुए पकौड़ी सहित अन्य व्यंजनों का भोग लगाया। साथ ही होली की पूजा की और परिवार की खुशहाली की कामना की। अलसुबह से ही महिलाओं का शीतला माता के मंदिर पर पहुंचना शुरू हो गया था महिलाओं ने शीतला माता की पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की ओर शीतला माता को भोग लगाएं हुए ठंडे व्यंजनों का प्रसाद ग्रहण किया।

वार्षिक ध्वजा महोत्सव कल

बिजयनगर, (निसं)।राजदरबार सिटी स्थित जन-जन की आस्था के केन्द्र श्री नाकौड़ा पार्शवनाथ भैरव मंदिर का पांचवा वार्षिक ध्वजा महोत्सव 17 मार्च को आयोजित होगा। श्री नाकौड़ा पार्श्वनाथ भैरव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष योगेन्द्र राज सिंघवी ने बताया कि वार्षिक ध्वजा पर दो दिवसीय आयोजित महोत्सव के तहत 16 अप्रेल को प्रात:कालीन आरती के पश्चात विधिविधान के साथ परमात्मा के 18 अभिषेक होंगे। सांयकाल में एक शाम प्रभु पार्श्व-भैरव के नाम भक्ति संध्या का आयोजन होगा। 17 मार्च को सुबह सतरह भेदी पूजन प्रारंभ होगा। 11 बजे ध्वजा के वरघोड़े के पश्चात विधिविधान के साथ विजय मुहुर्त में मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई जाएगी।

पार्षद मनीष टेलर उपाध्यक्ष मनोनीत

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। अखिल भारतीय दर्जी महासभा के प्रदेश संयोजक लिखमाराम परिहार ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए किशनगढ़ भाजपा पार्षद मनीष टेलर को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश संयोजक परिहार ने उम्मीद जताई की पार्षद मनीष टेलर महासभा की गतिविधि एवं रचनात्मक कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। कार्यकारिणी में हंसराज दर्जी पुष्कर, भवेंद्र कुमार गोयल होडू बाड़मेर, एडवोकेट प्रकाश पंवार जोधपुर को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं गोपाल केराप डिडवाना, राजेंद्र कुमार टेलर डिंडोली राशमी चितौडगढ को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोयन किया है।

राशन डीलर आज आंदोलन में भाग लेंगे

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। उचित मूल्य दुकानदारों की महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर जयपुर में 16 मार्च को आयोजित विधानसभा घेराव आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया गया। प्रवक्ता मूलचंद शर्मा ने बताया सुबह 7.15 बजे सभी राशन दुकानदार ट्रेन से जयपुर के लिये रवाना होंगे। बैठक में राशन डीलर बृजेश मीणा, राजेंद्र प्रसाद जोशी, विजय जैन, सर्वेश शर्मा, अविनाश भंडारिया, जायदा बानो, अहमद हुसैन सोलंकी, खेमचंद टाक, सोभाग भंडारी, धर्मवीर कोठारी, महेश शर्मा, भास्कर शर्मा, अब्दुल गनी आदि मौजूद थे।

शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाकर सुख समृद्धि मांगी

नागौर, (निसं)। नागौर का सुप्रसिद्ध शीतला अष्टमी का मेला बुधवार को जोधपुर बाईपास स्थित शीतला माता के मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। इस दौरान शीतला माता को बासी और ठंडे पकवानों का भोग लगाने के लिए जनसैलाब उमड पडा। अल सुबह 4 बजे से ही महिलाएं सामूहिक रूप से भोग के थाल सजाए मंदिर में आना शुरू हो गई। ये सिलसिला बुधवार शाम तक यथावत जारी रहा।

धार्मिक उत्सव आयोजन समिति एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मेले की संपूर्ण व्यवस्था संभाली। महिलाओं और पुरुषों के लिए दर्शन करने की अलग-अलग बैरिकेड लगाकर व्यवस्थित दर्शन करवाने की व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों ने की। इस कारण भारी भीड के बावजूद आमजन को सही तरीके से दर्शन हो गए। मेले के चलते यातायात पुलिस ने भी जोधपुर बाइपास रोड को एकतरफा यातायात कर रखा था। बासनी तिराहे से लेकर जोधपुर तिराहे तक दर्शनार्थियो



नागौर में जोधपुर बाइपास स्थित शीतला माता मंदिर के बाहर मेले का नजारा रहा।

- धार्मिक उत्सव आयोजन समिति व विहित कार्यकर्ताओं ने संभाली संपूर्ण व्यवस्थाएं

की भारी भीड देखी गई। गांवों से लोग अपने ट्रेक्टर ट्रोलियों पर बैठकर भजन गाते शीतला माता के दरबार पहुंचे और वहां अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामनाएं की। इसी प्रकार शहर से लोग ऑटो रिक्शाओं सहित अपने अपने संसाधनों से गाजे बजाते पहुंचे। दोपहर 12 बजे तो मेला परवान चढ गया था। मंदिर के अंदर व बाहर मुख्य मार्ग पर तिल रखने की जगह नहीं बची। मेले में खान पान की दर्जनों अस्थाई दुकानें भी सजी हुई थी। उधर इससे पूर्व रात्रि में मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन समिति की ओर से किया गया। देर रात्रि तक चले इस भक्ति संध्या कार्यक्रम में गायक राधेश्याम कंसारा ने गणपति वंदना से भक्ति संध्या कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात बाल कलाकार अनीता नायक नें माता रानी के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी।

गायक महेश जोशी, आकाशवाणी कलाकार मांगीलाल देवडा, अनिल सारस्वत, बाबूलाल लोयल, भुवनेश कंसारा, कमल कंसारा, राधेश्याम भाटी, कालू जोशी, मुकेश भाट विमल प्रजाप, विश्व हिंदू परिषद के पुखराज सांखला, मेघराज राव, आयोजन समिति के नागरचंद भार्गव, सत्यनारायण पारीक, ललित सांखला, हर्षुल पटेल, केसरी नंदन सोनी, रामकुमार कच्छावा सहित अनेक गायक कलाकारों ने देर रात्रि तक माता रानी के भजनों की प्रस्तुति मंदिर परिसर में दी।

अमृत भारत स्टेशन योजना से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक कल

अजमेर, (कासं)। रेल मंत्रालय ने देश के रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत रेलवे स्टेशनों में मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन के साथ-साथ नई आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा और स्टेशनों का कायाकल्प होगा।

अमृत भारत योजना अजमेर मंडल के 15 स्टेशन चिन्हित किया गया है जिनमे ब्यावर, भीलवाड़ा, बिजयनगर, डूंगरपुर, फालना, जवाई बांध, कपासन, मारवाड़ जंक्शन, मावली जंक्शन, पिंडवाड़ा, राणा प्रतापनगर, रानी, सोजत रोड, फतेहनगर तथा सोमेसर शामिल है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विवेक रावत के अनुसार इस योजना के अंतर्गत रेलमंत्रालय दवारा अजमेर मण्डल के चयनित रेलवे स्टेशनों के विकास को लेकर मण्डल रेल प्रबंधक अजमेर राजीव धनखड़ की अध्यक्षता मे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मण्डल कार्यालय के सभाकक्ष 'संवेग' में शुक्रवार प्रात: 11 बजे किया जाएगा। इस बैठक मे निर्माण प्रक्रिया से जुड़े इच्छुक ठेकेदार व फर्म शामिल होकर चर्चा मे भाग ले सकेंगे। बैठक मे मण्डल के सभी वरिष्ठ रेल अधिकारी शामिल होंगे। बैठक मे ठेकदारों व फर्म के प्रतिनिधियों से इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों पर भविष्य की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए किए जाने वाले कार्यों से संबंधित सुझाव लिए जाएंगे। 'रेल कौशल विकास योजना' के अन्तर्गत आगामी बैच के लिए अजमेर कारखाना समूह द्वारा लोको कारखाना एवं कैरिज कारखाना में नवयुवकों/नवयुवतियों के लिए 3 सप्ताह के प्रशिक्षण का आयोजन होगा। प्रशिक्षण में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशिनिष्ट और वैल्डिंग ट्रेड है। प्रशिक्षण के लिए इन ट्रेड में प्रमाण-पत्र धारक होना अनिवार्य नही है। प्रशिक्षण शुल्क देय नही है और प्रशिक्षणार्थी को रहने खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। प्रशिक्षणार्थी को हाई स्कूल उत्तीर्ण और उम्र 18 से 35 वर्ष होना चाहिए। आवेदन 20 मार्च 2023 तक किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदन ऑन लाइन ही किया जायेगा।

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बिजयनगर, (निसं)। राज नगर क्षेत्र निवासी जसवंत वैष्णव पुत्र नोरतमल वैष्णव उम्र 25 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज नगर क्षेत्र निवासी जसवंत वैष्णव की बुधवार प्रात: तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा राजकीय चिकित्सालय में उपचार के लिए ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जसवंत वैष्णव को मृत घोषित किया। सूचना पर पुलिस एएसआई तेजमल गुजरने राजकीय चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंपा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मूर्ती स्थापना व अनावरण महोत्सव

परबतसर,(निसं)। परबतसर तहसील के नैतियास गांव में श्री वीर तेजा नवयुवक मण्डल, नेतियास के तत्वावधान में गांव में नवनिर्मित तेजा मन्दिर में मूर्ती की स्थापना व अनावरण महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

युवा सुशील भींचर ने बताया की सुबह पांच बजे नेतियास के समस्त ग्रामवासी सुरसुरा तेजा मन्दिर से गाजे-बाजे व इक्यावन ट्रेक्टर, इक्कीस कार, दो डीजे व सैकड़ों मोटरसाइकिल के साथ सुरसुरा से जोत लेकर आए व शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया जिसमें हजारों की तादाद मे जनसैलाब उमडा व रातभर नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहे। लोग अपनी-अपनी जगह पर ही तेजा भजनों पर ठुमके लगाते रहें लोगों में रातभर जोश बरकरार रहा। समस्त सम्मानीय ग्रामवासियों व बाहर से पधारे सम्मानीय भामाशाहों ने करीब इक्कीस लाख रूपये का तेजा मन्दिर निर्माण में दान दिया व रामचंद्र भींचर व उनके परिवारजनों ने स्व. सरजू देवी की याद में सोलह सिटर चार सीमेंट की कुर्सियाँ सप्रेम भेंट करने की घोषणा की। नेतियास गांव में रिकॉर्ड तोड़ दान आया है। इक्यासी जोडो ने महाहवन किया व मूर्ती स्थापना व अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मन्दिर के लिए भूमिदान नारायण भींचर व उनके चारों भाईयों ने किया।

नेशनल डिफेंस कॉलेज के दल ने स्मार्ट सिटी के कार्यों का निरीक्षण किया

अजमेर, (कासं)। नेशनल डिफेंस कॉलेज के दल ने बुधवार को स्मार्ट सिटी के कार्यों का निरीक्षण किया। दल के सदस्यों ने अजमेर में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। वहीं अजमेर भ्रमण के दौरान उन्होंने राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक परिदृश्य का अध्ययन किया। दल ने अजमेर में अजमेर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल विभिन्न प्रोजेक्ट्स को देखा और उन्हें सराहा। आनासागर झील में वोटिंग कर झील के किनारे-किनारे किए गए विकास कार्यों की सराहना की।



दल ने अजमेर भ्रमण के दौरान राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक परिदृश्य का अध्ययन किया।

- आनासागर झील में वोटिंग कर झील के किनारे-किनारे किए विकास कार्यों की सराहना की

नेशनल डिफेंस कॉलेज दल के प्रमुख रीअर एडमिरल श्री संजय सचदेवा ने बताया कि इस दल में सेना अधिकारी, नौसेना अधिकारी, वायु सेना अधिकारी, सिविल सेवा के अधिकारी और विदेशी सैन्य अधिकारी शामिल हैं। कॉलेज में 11 माह के अध्ययन के दौरान देश एवं विदेश में दल के सदस्य भ्रमण कर वहां की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक परिदृश्य को समझने का प्रयास करते हैं। पहले यह दल जयपुर भ्रमण कर आया। अजमेर के बाद जोधपुर का भ्रमण किया जाएगा। तमीलनाडु के एडिशनल डीजीपी महेश्चवर दयाल बताया कि नेशनल डिफेंस कॉलेज हर वर्ष 11 माह का राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पर विश्व स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करता है। मित्र राष्ट्रों सहित देश के वरिष्ठ अधिकारी साथ में विभिन्न विषयों पर विस्तार से अध्ययन करते हैं। मित्र राष्ट्रों में मिश्र, बांगलादेश, उजवेगिस्तान, म्यांमार सहित अन्य राष्ट्रों के सैन्य अधिकारी दल में शामिल हैं। दल भ्रमण के दौरान डेटा सेंटर और टेक्नोलॉजी का अवलोन करता है। एयर कमोडोर राजू ने बताया कि वे करीब आठ साल बाद अजमेर आए हैं। यहां आकर सब कुछ बदला-बदला नजर आ रहा है। अजमेर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कई काम हुए हैं और अजमेर खूबसूरत नजर आ रहा है। इन प्रोजोक्टों के माध्यम से अजमेर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और टूरिस्टों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। सर्किट हाउस में नगर निगम आयुक्त श्री सुशील कुमार ने दल के सदस्यों का स्वगात किया।

दल के सदस्यों ने ऐतिहासिक आनासागर झील में वोटिंग का लुत्फ उठाया। उन्होंने झील में वाटिंग के दौरान झील के किनारे-किनारे किए गए विकास कार्यों की तारीफ की। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) देविका तोमर, अजमेर स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता नरेंद्र अजमेरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अशोक यादव हत्याकांड का आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। सरदार सिंह ढाणी रोड पर सम्पति विवाद को लेकर भतीजे को मौत की सुलाकर पुलिस की गिरफ्त में आये हत्यारे को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। गुनाहगार ने हत्या पर अफसोस जताने के बजाय आगे भी गुनाह का रास्ता चुनने की खुलेआम धमकी दी है।

आरोपी का कहना है की जब तक सम्पति का विवाद नहीं निपटेगा तब तक यह सिलसिला जारी रहेगा जबकि काफी वर्षो तक दोनों पिता-पुत्र की तरह जीवन बिता चुके है। लालच ने दो परिवारों को तबाह कर दिया। विवाद के चलते पूर्व भाजपा पार्षद बजरंग कॉलोनी निवासी सुरेश यादव ने अपने युवा भतीजे को मारने के लिये षड़यंत्र रचना शुरू कर दिया। इसके लिये पांच दिन पहले पत्नी व बच्चों को ससुराल छोड़ आया।

करीब साढे तीन साल पहले डेढ़ लाख रूपये में खरीद की गई विदेशी रिवाल्वर को लोडेड कर ग्यारह राउंड की तैयारी के साथ गोली चलाने का अभ्यास किया। इसके लिये अच्छी तरह रेकी करने के बाद पहले से ही 14 मार्च का दिन निश्चित कर दिया। दोपहर ढाई बजे इतला मिली की दो बीघा दो बीघा जमीन पर जेसीबी चलाई जा रही है तो आरोपी सुरेश यादव आग बबूला हो गया।



सम्पति विवाद को लेकर भतीजे की हत्या करने वाले आरोपी चाचा को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया।

- भतीजे की हत्या पर हत्यारे चाचा को अफसोस नहीं

हालांकि यह जमीन मृतक अशोक यादव के नाम थी पर इस जमीन के बदले कातिल को भी कुछ देना बताया था। सूचना मिलते ही गुनहगार अपनी स्वीफ्ट कार में भारी भरकम तलवार, अवैध विदेशी लोडेड रिवाल्वर लेकर कार से खेत में पहुंच गया। खेत में चाचा-भतीजे के बीच कहासुनी होने के बाद मृतक अशोक बाइक से अपनी मां के संग घर के लिये रवाना हो गया। पीछे से मौत बनकर पीछा कर रहे सुरेश ने कुछ दूरी पर बाइक के पीछे से टक्कर मार दी, जिससे अशोक के पैर में गंभीर चोट लगने से वह बेसुध होकर गिर पडा और गुनाहगार ने रिवाल्वर से चार फायर कर भतीजे का कत्ल कर दिया। दो गोली सिर में एक गोली सीने में दागी गई, जबकि चौथा फायर खाली चला गया।

हत्याकांड के बाद साक्ष्य मिटाने के इरादे से अशोक की मां पर भी रिवाल्वर तान दी पर ट्रेगर नहीं दबने के कारण वह बच गई साथ ही मौके पर कुछ लोगों को सामने आता देख आरोपी ने भागने में ही भलाई समझी और गांधीनगर थाने जाकर आत्म समर्पण कर दिया। गांधीनगर थाना पुलिस ने कातिल को अदालत में पेश किया, जहा इसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया।

शान से निकली बादशाह की सवारी

मसूदा, (निसं)। कोरोना महामारी के बाद लोगों को त्योहारों के प्रति प्रतिदिन रूचि दिखाई देती नजर आई। शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। वही सप्तमी को लेकर बच्चों में काफी रूचि दिखाई दी। बच्चे एक दूसरे को रंग लगाते दिखाई दिए। वही बड़ों के पांव छूकर आशीर्वाद लिया। मसूदा कस्बे में बुधवार को बादशाह की सवारी शानो शौकत के साथ निकली। आओ बादशाह, आओ बादशाह की धुन के साथ उड़ रही थी गुलाल, पिकअप पर सवार बादशाह की ओर से लूटाई जा रही गुलाल को खर्ची के रूप में झेलने के लिए आतुर सैकड़ों दर्शकों की भीड़ डीजे की धुन पर मस्ती में मदमस्त होकर थिरकते बीरबल का नृत्य और चंग एवं ढोल धमाके की धुन के साथ से फागुनी गीतों के स्वर हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। रंग बिरंगी गुलाल से सराबोर युवकों की टोलियां की मस्ती भी किसी आनंद की अनुभूति से कम प्रतीत नहीं हो रही थी। सवारी के रास्ते में पड़ने वाले मकानों की छतों पर खड़े दर्शकों की भीड़ का मनोरम दृश्य भी कोई कम आकर्षक नहीं रहा। मसूदा कस्बे के सभी समाज के विभिन्न संगठनों की टीमों ने भी बादशाह सवारी में शरीक होकर बादशाह मेले की आभा में चार चांद लगाए।

सार-समाचार

गिरधारी सोनी अध्यक्ष बने



मदनगंज-किशनगढ,(निसं)। स्वर्णकार समाज किशनगढ़ तहसील की बैठक में सर्वसम्मति से शहर निवासी गिरधारीदास सोनी को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। चुनाव अधिकारी संतोष अग्रोया के सानिध्य में नवनियुक्त अध्यक्ष सोनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष बनने के बाद गिरधारी सोनी ने परिजन शंकरलाल सोनी, बल्लभदास सोनी, कमलेश सोनी, सूर्यप्रकाश सोनी, महेन्द्र सोनी के साथ गोविंद देव मंदिर में आशीर्वाद लिया। आचार्य ओमप्रकाश रतावा व सोमप्रकाश रतावा ने शुभाशीष दी। इस दौरान समाजसेवी नोरतमल सोनी, दिनेश सोनी, मनोज सोनी, नरेश सोनी, सुरेंद्र सोनी, चन्दु सोनी, महेश सोनी, अंकित सोनी सहित बडी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

पार्षद ललिता वर्मा अवॉर्ड से सम्मानित



कुचामन सिटी, (निसं)। नगर परिषद में लगातार दूसरी बार पार्षद और शिक्षाविद ललिता वर्मा पारीक को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में नारी शक्ति शिरोमणि अवॉर्ड से नवाजा गया है। अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली में दी इंडियन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ वीके कृष्ण मेनन भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में देशभर की 101 उन महिलाओं को नारी शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड से नवाजा गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी हासिल कर देश महिला सशक्तिकरण का एक उदाहरण पेश किया है। इसी कार्यक्रम में कुचामन निवासी ललिता वर्मा पारीक को भी महिला शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अवार्ड से नवाजा गया। नगर परिषद के वार्ड नम्बर तीस की पार्षद ललिता वर्मा पारीक के कुचामन पहुंचने पर सर्व ब्राह्मण नगर अध्यक्ष घनश्याम गौड, श्री आदि गौड विप्र समाज जिला महामंत्री सुरेश गौड, समाजसेवी कमल गौड, याकूब भिस्ती, ललित सेन, शिम्भू दयाल जोशी, कमल जोशी, जितेश राजोरिया, अरुण पाराशर, कल्याण मल सेन, शान्ति लाल जैन, आरिफ भिश्ती, उमरुद्दीन कुरैशी, अनन्त तिवाडी, सुनील सोनी, योगेश शर्मा, पुष्पा गौड, देवकी कंवर, ममता सोनी, महावीर मिश्रा, विमला सिखरवाल, कविता इन्दोरिया, मनीष सिखरवाल, सौरभ गौड सहित वार्डवासियों ने माला, साफा पहनाकर व ढोल नगाडों के साथ भव्य स्वागत किया।

निर्मला कामड़ का सम्मान



आसीन्द, (निसं)। महिला अधिकार एवं विकास फाऊंडेशन ट्रस्ट, अलवर (राज.) के द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य पर 13 मार्च को अलवर में आयोजित सम्मान समारोह में भीलवाड़ा की वरिष्ट अध्यापिका निर्मला कामड़ का सामाजिक जागरूकता एवं समाज सेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर सम्मानित किया गया। कामड़ ने सरकारी शिक्षक के अपनें कर्तव्यों को बखूबी निभातें हुए अपनें उच्च स्तरीय विचारों एवं दृढ लगन मेहनत से ग्रामीण परिवेश की अज्ञान एवं भोली भाली महिलाओं में शिक्षा और जागरुकता की अलख जगानें का शानदार और अतुलनीय कार्य कर रही हैं जिसकी बदौलत कामड़ ने अपनी अटूट लगन व दृढ़ ईच्छा शक्ति से भीलवाड़ा का नाम प्रदेश स्तर ही नहीं अपितु राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित किया है। कामड़ वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पालड़ी (आसीन्द) के सरकारी विद्यालय में हिन्दी विषय की अध्यापिका पद पर कार्यरत हैं।

डॉ नीलम गोयल का सम्मान



अजमेर, (कासं)। डॉ नीलम गोयल भारत की परमाणु सहेली को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर पर राष्ट्रीय महिला उत्कृष्टता सम्मान (नेशनल वोमेंस एक्सिलेंस अवार्ड 2023) से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उनको सशक्त नारी सशक्त भारत अभियान के तहत, राष्ट्रीय महिला पार्लियामेंट और नेशनल हियुमन राइट एम्बेसेडर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शिक्षा व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया। डॉ नीलम गोयल राजस्थान और गुजरात राज्य में पानी व बिजली के क्षेत्र में कार्य कर रही है। परमाणु सहेली का मिशन है कि सम्पूर्ण भारत को पानी व बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाए।

कोड़ामार होली को लेकर उत्साह रहा

मसूदा, (निसं)। कस्बें के अजमेरी गेट पर जीनगर समाज की ओर से खेली जाने वाली कोड़ामार होली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। भाभी और देवर के बीच कोड़ामार होली खेली गई। इस दौरान भाभियां कपड़े के कोड़े को रंग से भरे कड़ाव में भिगोकर रख लेती हैं। देवर जब भाभियों को रंग डाल भिगोते हैं, तो बदले में उन पर कोड़े बरसाए गए। वहीं जहां समाज की ओर से पानी के ड्रम भरकर रखे गए। इन ड्रमों में हरा, लाल, गुलाबी, पीला रंग पानी में मिलाया गया। इसके साथ ही पूरे मोहल्ले के सहयोग से कोड़ा मार होली के आयोजन को सफल बनाने में मोहल्ले के अन्य समाज बंधुओं का भी सम्पूर्ण योगदान रहा। साथ ही कोड़ा मार होली को देखने के लिए आस पास के मोहल्लेवासीयों की भीड़ रहीं। बताया जाता है कि भाभियां कोड़ामार होली पर कोड़ा तैयार करती हैं। सूती लहरिया रंग के कपड़े को तैयार कर उसे घुमाव (बट्ट) देते हैं बुधवार को कोड़ामार होली पर जमकर देवरों ने भाभियों पर रंगीन पानी डाला। बदले में भाभियों ने देवरों को कोड़े लगाए. देवर और भाभियों के बीच रंग डालने और कोड़ा मारने की होड़ रहती है. देवर भाभी पर रंग डालकर कोड़े से बचने की कोशिश करते हैं। वहीं भाभी भी रंग बरसा रहे देवरों पर कोड़े बरसाने से नहीं चूकती हैं।

'आपने आंख झुका कर नहीं, हाईकमान को भौहें तानकर अपनी ताकत का परिचय दिया'

विधायक ज्ञानचंद पारख ने मंत्री शांति धारीवाल को कहा, ''आपने हाईकमान के फैसले को बदलने के लिए मजबूर किया लेकिन फिर भी अफसर-कर्मचारी आपकी क्यों नहीं मान रहे?''

- **सभापति ने हाईकमान से जुड़े कमेंट्स को सदन की कार्यवाही से डिलीट करवाया तो उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा, ''एक ताकतवर मंत्री को उसकी ताकत का अहसास करवाने में असंसदीय क्या है। मंत्री मर्दों का प्रदेश कह दें, तो चलता है। हम क्या बोलेंगे फिर।''**
- **धारीवाल ने कहा, ''मेरे द्वारा किए गए काम को आप यहां डिस्कस नहीं कर सकते। अंदर क्या हुआ था? यह आपको मालूम नहीं है। आप गलत बोल रहे हैं।'' इस पर उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा, ''मुझे सब पता है। आप मुझे चुनौती मत दो। मैं हाईकोर्ट में मिलूंगा।''**

जयपुर, (वि.सं.)। अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बुधवार को विधायक ज्ञानचंद पारख ने 25 सितम्बर की घटना का जिक्र करते हुए शांति धारीवाल से कहा, ''आप सबसे तेजतर्रार, होशियार और दबंग मंत्री हैं। 137 साल पुरानी कांग्रेस के इतिहास में किसी नेता ने दबंगता दिखाई, वो आप हैं। आपने हाईकमान के फैसले को बदलने के लिए मजबूर किया। आपने आंख झुका कर नहीं, हाईकमान को आंखें तानकर अपनी ताकत का भी परिचय दिया। आप हाईकमान से इतनी सख्ती से पेश आ सकते हैं तो आपके पीछे छोटे-मोटे कर्मचारी बेखौफ हो गए हैं। उन्हें ठीक कीजिए। जब भी सरकार की कुर्सी पर संकट आया आपने संकटमोचक का काम किया। जब-जब सरकार के ऊपर भी संकट आया। मैं गवाह हूं। मैंने तीन मामले देखे हैं। आपने जिस तरह सरकार को प्रोटेक्ट किया है, उसकी तारीफ करता हूं।''

इस पर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने पारख से कहा, ''कांग्रेस की राजनीति में आपकी रुचि है तो इधर आ जाइए।'' पारख ने कहा, ''मैं तो आपको आपकी ताकत का अहसास करवा रहा हूं। विधानसभा के अंदर भी और बाहर कांग्रेस जब भी कांग्रेस कटघरे में खड़ी हुई। आपने कितनी सफाई से बाहर निकाल दिया, लेकिन अफसर-कर्मचारी आपकी क्यों नहीं मान रहे।''

सभापति ने हाईकमान से जुड़े कमेंट्स को सदन की कार्यवाही से डिलीट करवाने के आदेश दिए तो उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने इस पर आपत्ति की। राठौड़ ने कहा, ''एक ताकतवर मंत्री को उसकी ताकत का अहसास करवाने में असंसदीय क्या है। मंत्री मर्दों का प्रदेश कह दें, तो चलता है। हम क्या बोलेंगे फिर। इसमें असंसदीय बात क्या है? सभापति जेपी चंदेलिया ने कहा कि विषय से हटकर था इसलिए डिलीट कर दिया।'' इस पर मंत्री शांति धारीवाल ने कहा, ''मेरे द्वारा किए गए काम को आप यहां डिस्कस नहीं कर सकते। अंदर क्या हुआ था? यह आपको मालूम नहीं है। गलत बात है। आप गलत बोल रहे हैं।'' इस पर उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा, ''मुझे सब पता है। आप मुझे चुनौती मत दो। मैं हाईकोर्ट में मिलूंगा।''

वहीं पारख ने कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के पीएम मोदी को मारने वाले बयान का जिक्र करते हुए महाभारत में कृष्ण और दुर्योधन का उदाहरण देते हुए तल्ख कमेंट किए। इस पर सत्तापक्ष ने कड़ी आपत्ति की तो उनके कमेंट डिलीट करने के आदेश दे दिए। दूसरी बार कमेंट डिलीट करने पर बीजेपी विधायकों ने विरोध किया। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने ज्ञानचंद पारख को टोकते हुए कहा, ''ये बार-बार हमारे हाईकमान के बारे में बोल रहे हैं। इन्होंने हाईकमान के बारे में कैसे बोला? हम हाईकमान के भक्त हैं। उनके कहने को हम मानते हैं।''




राज्यपाल कलराज मिश्र को राजभवन में बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक पन्नालाल मेघवाल ने अपनी पुस्तक 'राजस्थान हस्तशिल्प कलाएं' एवं उसका अंग्रेजी अनुवाद 'दी हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ राजस्थान' की प्रथम प्रतियां भेंट की।

ए.बी.वी.पी. कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में गांधीनगर थाने का घेराव

जयपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ बुधवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने गांधीनगर पुलिस स्टेशन का घेराव किया। एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने कहा कि सरकार युवाओं के साथ तानाशाही कर रही है। हमने लोकतांत्रिक तरीके से मुख्यमंत्री का विरोध किया था। लेकिन छात्रों पर राज्य कार्य में बाधा का मुकदमा दर्ज कर उनका भविष्य खराब किया जा रहा है। जिससे हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने वीरांगनाओं पर हो रहे अत्याचार पेपर लीक और राजस्थान में बढ़ते अपराध के खिलाफ मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाए थे। लेकिन राजस्थान सरकार इन सभी मुद्दों पर कोई एक्शन लेने की बजाय युवाओं को ही जेल में डाल रही है। जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। ऐसे में अगर युवाओं को जल्द से जल्द जेल से नहीं छोड़ा गया तो हम 21 मार्च को उग्र आंदोलन करेंगे। जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ बुधवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने गांधीनगर पुलिस थाने का घेराव किया।

दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी के बाहर मंगलवार दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र अचानक सीएम गहलोत के काफिले के सामने आ गए। छात्रों के हाथों में काले झंडे थे और वे नारेबाजी करने लगे। वहां हंगामा होता देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारी छात्रों को खदेड़ा था। पुलिस ने एबीवीपी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष भारत भूषण यादव, सचिव रोहित मीणा, देव पलसानिया, गुलजार मीणा समेत पांच कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया था।

भाजपा की जन आक्रोश सभाएं आज से

जयपुर। कांग्रेस सरकार के कुशासन में किसान कर्जमाफी, पेपर लीक, बिगडी कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध इत्यादि जनहित के मुद्दों को लेकर भाजपा 16 मार्च से जिला जन आक्रोश महाघेराव का आगाज करने जा रही है, जो प्रदेश के सभी 33 जिलों में 5 अप्रैल तक आयोजित होंगे। जिला जन आक्रोश महाघेराव कार्यक्रमों में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिले के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन शामिल होंगे, जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों और युवाओं से की गई वादाखिलाफी के खिलाफ सभी 33 जिला मुख्यालयों पर विशाल सभाएं और जिला कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां 16 मार्च को भरतपुर जिला मुख्यालय पर स्थित महाराजा सूरजमल स्टैच्यू के पास ट्रैफिक चैराहा पर विशाल जन आक्रोश सभा को संबोधित करेंगे। डॉ. पूनियां 16 मार्च को सुबह जयपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे। बस्सी, दौसा, सिंकदरा, पाटौली, महवा, हलैना, लुधावई टोल इत्यादि विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

निजी चिकित्सालयों का आज संपूर्ण मेडिकल बंद

- **राइट टू हैल्थ बिल का विरोध**

जयपुर। राज्य सरकार की ओर से लाए जा रहे राइट टू हैल्थ बिल को लेकर निजी चिकित्सालयों ने एक बार फिर आंदोलन का आगाज कर दिया है। गुरूवार को निजी चिकित्सालय में पूर्ण मेडिकल बंद रखा गया है। इसके चलते इन अस्पतालों में कोई चिकित्सा सुविधा नहीं दी जाएगी हालांकि अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज यथावत रहेगा।

प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी व उपचार द्वारा गठित राजस्थान प्राईवेट हॉस्पिटल्स संयुक्त संघर्ष समिति के विजय कपूर ने बताया कि गत दिनों चिकित्सकों और निजी अस्पतालों के आंदोलन को वापस लेने के दौरान ज्वाइंट एक्शन फोरम के पदाधिकारियों ने निजी अस्पतालों की बात पर ध्यान नहीं दिया। जल्दबाजी में आंदोलन वापस लेने की घोषणा कर दी। ऐसे में अब निजी चिकित्सालय अपनी संघर्ष समिति के बैनर तले आंदोलन करेंगे।

बिल वापस लेने तक आंदोलन

इस बार निजी चिकित्सालय के संचालकों ने राइट टू हैल्थ बिल वापस लिए जाने तक आंदोलन जारी रखने की घोषणा की है। इसके पहले चरण में यह बंद रखा गया है। उसके बाद भी उनकी मांग नहीं मानी गई तो अनिश्चतकालीन बंद रखा जाएगा।

बिगड़ सकती है व्यवस्था

बता दें कि मौसमी बीमारियों के दौर में निजी अस्पतालों से मरीजों को राहत मिल रही है। ऐसे में इनके आंदोलन के कारण राज्य में चिकित्सा सेवा ठप हो सकती है और इन अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण सरकारी चिकित्सा संस्थानों पर मरीजों का बोझ बढ़ सकता है।

अन्य नाम से आए बिल

वहीं निजी अस्पताल संचालक इस बिल के स्थान पर दूसरा बिल लाए जाने की मांग कर रहे हैं। समिति के सचिव विजय कपूर ने बताया कि या तो सरकार इस बिल को राईट टू इमरजेंसी ट्रीटमेंट के नाम से लाए अन्यथा हैल्थ की परिभाषा के अनुसार स्वच्छ पेयजल, शुद्ध व पौष्टिक भोजन, मानसिक स्वास्थ्य इत्यादि सुनिश्चित करें और उसके बाद राईट टू हैल्थ बिल लाए। यह बिल किसी भी स्वरूप में व किसी भी सूरत में मंज़ूर नहीं है।

बिल के ड्राफ्ट पर लगी मुहर

एक तरफ राइट टू हेल्थ का विरोध हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ राइट टू हेल्थ बिल के ड्राफ्ट पर मुहर लग गई है। इस संबंध में बुधवार को सिलेक्ट कमेटी की बैठक हुई। जिसमें ड्राफ्ट पर मुहर लगी। अब सदन में सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट रखी जाएगी। मंत्री परसादीलाल मीणा की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ सहित अन्य मौजूद रहें।

वहीं आईएमए के मीडिया चेयरमेन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया की राइट टू हेल्थ बिल विधानसभा में प्रवर समिति ने पास कर दिया है। अभी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन सुनिल चुग की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। मीटिंग में राइट टू हेल्थ बिल की सभी विसंगतियो को दूर होने के कारण गुरूवार के बंद का कोई औचित्य नहीं रहा है।

आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल में पहली बार चखा जीत का स्वाद

मुंबई, 15 मार्च । युवा प्रतिभा कनिका आहूजा (46) की संकटमोचक पारी और ऋचा घोष (31 नाबाद) के साथ उनकी अद्धर्शतकीय साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गयी। आरसीबी ने 136 रन का लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। आरसीबी के गेंदबाजों ने करो या मरो मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए पहली बार किसी टीम को ऑलआउट किया। एलिसे पेरी ने गेंदबाजों की अगुवाई करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। आशा शोभना और सोफी डिवाइन ने दो-दो विकेट लिये, जबकि मेगन शूट और श्रेयंका पाटिल को एक-एक सफलता हासिल हुई। अपनी पहली जीत तलाश रहे आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 60 रन पर चार विकेट गंवा दिये, हालांकि कनिका अपनी टीम को संकट से निकालने के लिये क्रीज पर आईं।

कनिका ने 30 गेंद पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 46 रन बनाये और ऋचा (32 गेंद, 31 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की। कनिका जीत के करीब आकर आउट हो गयीं, लेकिन श्रेयंका पाटिल ने विजयी रन बनाकर अंक तालिका पर आरसीबी का खाता खोल दिया। आरसीबी छह मैच में दो अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि वॉरियर्स अब भी चार अंक के साथ तालिका मेंतीसरे पायदान पर बरकरार है।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप: सिंधु पहले चरण में बाहर

बर्मिंघम, 15 मार्च । खराब फॉर्म से गुज़र रहीं भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु बुधवार को ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पहले चरण में चीन की झांग यी मान से सीधे सेटों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं।

दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु अपनी चीनी प्रतिद्वंदी को कोई चुनौती नहीं दे सकीं और 39 मिनट के महिला एकल मुकाबले में 17-21 11-21 से हार गयीं। टखने की चोट से उभरकर जनवरी में कोर्ट में लौटने के बाद से सिंधु तीसरी बार पहले चरण में हारी हैं।

साल के पहले टूर्नामेंट मलेशिया ओपन 2023 में उन्हें स्पेन की कैरोलीना मरीन के हाथों पहले चरण में हार मिली थी। घरेलू टूर्नामेंट इंडिया ओपन में सिंधु को थाईलैंड की सुपानिदा केटथॉन्ग ने परास्त किया था। लगातार नाकामियों के बीच सिंधु ने हाल ही में कोच पार्क ताई-सांग से संबंध समाप्त किये थे।

इससे पूर्व, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पुलेला की भारतीय महिला युगल जोडी ने 46 मिनट के पहले दौर के मैच में थाईलैंड की जोंगकोलफान किंतिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजई की सातवीं वरीयता प्राप्त जोडी को 21-18 21-14 से हराया। त्रिशा-गायत्री अब प्री-क्वार्टर फाइनल में युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा की जापानी जोड़ी का सामना करेंगी।ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के मंगलवार के पुरुष एकल मुकाबलों में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने जीत दर्ज करके प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी थी।



अय्यर एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर

मुंबई, 15 मार्च। भारत के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ के निचले हिस्से की चोट के फिर से उभरने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। 'पीटीआई-भाषा' ने 11 मार्च को ही अय्यर के वनडे से बाहर होने की खबर दी थी। पता चला है कि मुंबई का यह कलात्मक बल्लेबाज चकाचौंध से भरी इंडियन प्रीमियर लीग में भी भाग नहीं ले पायेगा। अय्यर आईपीएल में केकेआर का नेतृत्व करते हैं। वह फिलहाल रिहैबिलिटेशन (इलाज और चोट से उबरने की प्रक्रिया) के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है। अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी कि उन्हें जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तरह सर्जरी की आवश्यकता होगी या नहीं। टी दिलीप ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''चोटिल होना खेल का एक हिस्सा है। हमारे पास सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हम संपर्क (एनसीए के साथ) में हैं।

श्रेयस इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।'' अय्यर ने चोट से उबर कर भारतीय टीम में वापसी की थी। वह चौथे टेस्ट मैच में अंतिम एकादश में शामिल रहने के बाद भी टीम की एकमात्र पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर पाए थे। टेस्ट मैच के दौरान चोट के फिर से उबरने पर अय्यर को बीसीसीआई चिकित्सा दल के द्वारा स्कैन (जांच) के लिए ले जाया गया। उस समय टीम की ओर से संदेश दिया गया कि इस बल्लेबाज के चोट की निगरानी की जा रही है। चोट के कारण अय्यर को इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 सत्र से कम से कम पहले भाग के लिए बाहर रहने की आशंका है। आईपीएल का आगामी सत्र 31 मार्च से शुरू हो रहा है। अय्यर दो बार के खिताब विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान हैं और अब ऐसा लग रहा है कि टीम को नये कप्तान की तलाश करनी होगी।

भारतीय टीम ने किया अभ्यास, कुलदीप और चहल पर रही नजर



मुंबई, 15 मार्च। कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या सहित भारतीय क्रिकेट टीम के कई सदस्यों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला से पूर्व बुधवार को यहां वानखेडे स्टेडियम में अभ्यास शुरू किया लेकिन सभी की निगाहें कलाई के दो स्पिनरों कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल पर टिकी रही जिनका अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए आलराउंडर रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर से मुकाबला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में कुलदीप और चहल अपनी गुगली, फ्लिपर और लेग ब्रेक का कमाल दिखाकर इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

कुलदीप और चहल दोनों ही बल्लेबाजी करने में माहिर नहीं हैं। हालांकि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को टेस्ट स्तर पर बल्लेबाजी में कुछ हद तक सफलता मिली है। वाशिंगटन और जडेजा की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में अच्छी पकड है लेकिन अगर स्पिन कौशल की बात की जाए तो कुलदीप और चहल उनसे आगे हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण मुंबई में होने वाले पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे और इस मैच के लिए कार्यवाहक कप्तान पंड्या उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने सफेद गेंद से दो घंटे से अधिक समय तक अभ्यास किया। जिन अन्य खिलाड़ियों ने अभ्यास में भाग लिया उनमें तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, जयदेव उनादकट, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर तथा बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शामिल थे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए लेकिन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड, क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप और गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे, थ्रोडाउन विशेषज्ञ राघवेंद्र और नुवान सेनेविरत्ने उपस्थित थे।

बल्लेबाजी में नंबर पांच और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारियों के लिए भारत की पहली पसंद केएल राहुल ने भी अभ्यास में भाग नहीं लिया। उन्हें नागपुर और नयी दिल्ली में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों के बाद अंतिम एकादश में जगह नहीं दी गई थी। श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए गए पंड्या ने गेंदबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने किशन के सामने लेग ब्रेक गेंदबाजी का भी प्रयास किया। सूर्यकुमार, किशन और पंड्या ने बल्लेबाजी का लंबे समय तक अभ्यास किया।

एंडरसन को पछाडकर अश्विन बने शीर्ष टेस्ट गेंदबाज

दुबई, 15 मार्च । भारत के अग्रणी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अहमदाबाद टेस्ट में कुशल गेंदबाजी करके टेस्ट गेंदबाजों की सूची में इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार अश्विन 869 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर हैं। इससे पहले अश्विन और एंडरसन (859) ने शीर्ष रैंकिंग साझा की हुई थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अहमदाबाद टेस्ट में अश्विन के प्रदर्शन ने उन्हें एंडरसन से जुदा कर दिया।

आरसीबी के विल जैक्स आईपीएल 2023 से बाहर

नयी दिल्ली, 15 मार्च । इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हरफनमौला विल जैक्स चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 से बाहर हो गये हैं।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। आरसीबी ने दिसंबर की नीलामी में जैक्स को 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। मीरपुर में बंगलादेश और इंग्लैंड के बीच खेले गये दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए जैक्स की मांसपेशियों में चोट लग गयी थी। इस सप्ताह के शुरू में स्कैन और एक विशेषज्ञ के परामर्श के बाद उन्हें आईपीएल से बाहर होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह चोट जैक्स के लिये बड़ा झटका है। वह आईपीएल में पहली बार खेलते हुए भारतीय परिस्थितियों से परिचित हो सकते थे और वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये इंग्लैंड की टीम में अपने चयन की दावेदारी मजबूत कर सकते थे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी जैक्स के स्थान पर न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को लेने पर चर्चा कर रहा है।

ब्रेसवेल पहले कभी आईपीएल में नहीं खेले हैं और दिसंबर की नीलामी में भी उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। आरसीबी को आईपीएल 2023 में अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ करनी है। मई 2019 के बाद से अपने घरेलू मैदान बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनका यह पहला मैच होगा।

अंडर -17 महिला खिलाडियों के लिए मेधा योग शिविर

नयी दिल्ली, 15 मार्च । मानव उत्थान की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग ने दक्षिण एशियाई फुटबाल महासंघ (सैफ) खेलों की तैयारी कर रही अंडर-17 महिला खिलाडियों के लिये एक विशेष मेधा योग शिविर आयोजित किया है। आर्ट ऑफ लिविंग के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यहां बताया कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग ने खिलाडियों के समठा विकास की दिशा में काम करते हुए खेल के साथ मन के प्रशिक्षण हेतु अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम की दिशा में कदम उठाए हैं। इसी क्रम में इंदौर में सैफ खेलों की तैयारी कर रही अंडर-17 राष्ट्रीय महिला फुटबाल शिविर की 42 लड़कियों के लिये सात से 10 मार्च तक मेधा योग की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भारत की नजरें स्वदेश में मजबूत प्रदर्शन पर

नयी दिल्ली, 15 मार्च। भारत गुरुवार से यहां शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में महिला मुक्केबाजी में अपने बढ़ते रुतबे के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा तो उसे निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से काफी उम्मीदे होंगी। बाएं घुटने की चोट से उबर रहीं छह बार की चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियन निकहत और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना 12 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी।

दोनों मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के बीच नए वजन वर्गों में अपने पैर जमाने की कोशिश करेंगी। दुनिया की चौथे नंबर की मुक्केबाज निकहत ने अपना वजन वर्ज 52 किग्रा से घटाकर 50 किग्रा कर लिया है। उन्होंने पिछले साल तुर्की में 52 किग्रा वर्ग में ही खिताब जीता था। दूसरी ओर लवलीना ने 69 किग्रा वेल्टरवेट वर्ग से अपना वजन बढाकर 75 किग्रा मिडिलवेट वर्ग में किया है क्योंकि 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए उनके दोनों पसंदीदा वजन वर्ग को हटा दिया गया है। निकहत के लिए 50 किग्रा वर्ग में यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। उन्होंने लाइट फ्लाई वेट वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण जीता लेकिन बर्मिंघम खेलों में मुकाबला उतना कडा नहीं था। हालांकि यहां ऐसा नहीं होगा। ओलंपिक भार वर्ग होने के कारण निकहत को को पोडियम पर जगह बनाने के लिए कुछ शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पडेगा।

विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग में एशियाई चैंपियनशिप जीती थी लेकिन वह अब भी अपने नए भार वर्ग के अनुसार ढल रही हैं।

'इंश्योरैंस मैडिक्लेम पास होने के लिए किसी मरीज का 24 घंटे भर्ती रहना जरूरी नहीं है'

उपभोक्ता फोरम ने यह फैसला दिया और कहा, पेशैन्ट को 24 घंटे से ज्यादा भर्ती रखें अथवा नहीं, निर्णय लेने का अधिकार सिर्फ डॉक्टर को है कोई मैडिक्लेम कंपनी यह तय नहीं कर सकती

- वड़ोदरा के कंज़्यूमर फोरम ने एक आदेश में बीमा कंपनी को बीमा की राशि का ब्याज और हर्जाने के साथ भुगतान करने का आदेश दिया है।
- उपभोक्ता फोरम ने वड़ोदरा के गोत्री रोड निवासी रमेश चंद्र जोशी की याचिका पर यह फैसला सुनाया है। रमेश जोशी ने 2017 में नेशनल इंश्योरैंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

वड़ोदरा/ नई दिल्ली, 15 मार्च। मैडिकल इंश्योरेंस क्लेम को लेकर वड़ोदरा की उपभोक्ता फोरम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा कि है क्लेम के लिए किसी भी व्यक्ति का अस्पताल में 24 घंटे तक भर्ती रहना जरूरी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि अब समय बदल चुका है। नई तकनीक में मरीजों को ज्यादा समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की जरूरत नहीं है। वड़ोदरा के कंज्यूमर फोरम ने एक आदेश में बीमा कंपनी को बीमा की राशि भुगतान करने का आदेश दिया है।

उपभोक्ता फोरम ने वड़ोदरा के गोत्री रोड निवासी रमेश चंद्र जोशी की याचिका पर यह फैसला सुनाया है। रमेश जोशी ने 2017 में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। याचिका में कहा गया कि कंपनी ने उनका बीमा क्लेम देने से इनकार कर दिया था। जोशी की पत्नी 2016 में डर्मेटोमायोसिटिस से पीड़ित थी और उन्हें अहमदाबाद के लाइफकेयर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया था। अगले दिन इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

जोशी ने बीमा कंपनी से इसके लिए 44,468 रुपये की दावेदारी की। बीमा कंपनी ने उनका क्लेम खारिज करते हुए तर्क दिया कि पॉलिसी नियम के मुताबिक उन्हें 24 घंटे तक भर्ती नहीं किया गया था। जोशी ने उपभोक्ता फोरम में सभी कागजात प्रस्तुत किए और कहा कि उसकी पत्नी को 24 नवंबर 2016 को शाम 5.38 बजे भर्ती कराया गया और 25 नवंबर 2016 को शाम 6.30 बजे छुट्टी दे दी गई जो 24 घंटे से अधिक थी। हालांकि कंपनी ने उन्हें क्लेम का भुगतान नहीं किया। उपभोक्ता फोरम ने कहा कि भले ही यह मान लिया जाए कि मरीज को अस्पताल में 24 घंटे से कम समय के लिए भर्ती किया गया था लेकिन उसे क्लेम का भुगतान किया जाना चाहिए। आधुनिक समय में इलाज की नई तकनीक आने से डॉक्टर उसी के अनुसार इलाज करता है। इसमें समय कम लगता है। पहले मरीजों को लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। अब कई बार तो मरीजों को बिना भर्ती किए ही इलाज कर दिया जाता है। फोरम ने कहा कि बीमा कंपनी यह कहकर क्लेम लेने से इनकार नहीं कर सकती है कि मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया।

फोरम ने कहा कि बीमा कंपनी यह तय नहीं कर सकती है कि रोगी को अस्पताल में भर्ती करना आवश्यक है या नहीं। केवल डॉक्टर ही नई तकनीक, दवाओं और मरीज की स्थिति के आधार पर निर्णय ले सकते हैं। फोरम ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि, दावा खारिज होने की तारीख से 9 ब्याज के साथ जोशी को 44,468 रुपये का भुगतान किया जाए। इसके साथ ही बीमाकर्ता को मानसिक उत्पीड़न के लिए 3,000 रुपये और जोशी को मुकदमे के खर्च के लिए 2,000 रुपये का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया था।

राहुल गांधी ने ट्वीट्स के जरिये रक्षा सौदों पर सवाल उठाये

नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मिसाइल और रडार को उन्नत करने का काम अडानी समूह तथा संदिग्ध विदेशी कंपनी इलारा को देने पर सवाल उठाए और कहा कि इलारा किसकी कंपनी है और संदिग्ध कंपनी को संवेदनशील काम देकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है।राहुल गांधी ने ट्वीट किया, भारत

- राहुल गांधी ने मिसाइल और रडार अपग्रेडेशन का काम विदेशी कंपनियों के हाथ में देने पर कहा, इलारा एक संदिग्ध विदेशी कंपनी है जिसे काम देकर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

का मिसाइल और रडार अपग्रेड अनुबंध अडानी के स्वामित्व वाली कंपनी और इलारा नाम की एक संदिग्ध विदेशी कंपनी को दिया गया है। इलारा को कौन नियंत्रित करता है। अज्ञात विदेशी संस्थाओं को रणनीतिक रक्षा उपकरणों का नियंत्रण देकर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता क्यों किया जा रहा है।

एक और बैंक फेल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अग्रणी कमर्शियल बैंकों द्वारा धन की अपनी नीति में अचानक किए गए बदलावों ने विशालकाय ग्लोबल बॉण्ड मार्केट्स पर विपरीत असर डाला है और इससे बैंकों के टिकाऊ होने पर प्रभाव पड़ा है। कई तरह के किए गए मैक्रो-इकोनॉमिक पुनर्समायोजन का यह अंतिम परिणाम है। रॉबर्ट कियोसाकी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि बॉण्ड मार्केट स्टॉक मार्केट से काफी बड़ा है। फैडरल रिज़र्व अपनी तैयारी शुरु कर चुका है। वह फायरमैन और आग है। कियोसाकी को फायनैंशियल मार्केट्स का सबसे दूरदर्शी टिप्पणीकर्ता माना जाता है।

उन्हें तेरह वर्ष पूर्व आई वैश्विक आर्थिक मंदी के दौरान अमेरिका के इन्वैस्टमैंट बैंकिंग हलकों में जाने-पहचाने लीमन ब्रदर्स के पतन की सफल भविष्यवाणी करने का श्रेय प्राप्त है।

शेयर बाजारों ने यह भांप लिया था कि उक्त बैंक किस समस्या से गुजर रहा है, इसलिए बाजारों से क्रेडिट स्वीस के शेयरों में छूट प्रदान की जिससे उसके भाव गिर गए। बुधवार की ट्रेडिंग में क्रेडिट स्वीस शेयरों को 20 प्रतिशत की हानि हुई। यह एक सीधा संकेत है जो इस बैंक की छवि को गंभीर समस्या में डाल रहा है।

इससे निवेशकों का बैंक के प्रति विश्वास समाप्त हो रहा है और बैंक से फण्ड्स बाहर जाने शुरु हो गए हैं। यह किसी बैंक के डूबने का एक ठेठ पूर्व संकेत है। क्रेडिट स्वीस के प्रबंधकों को अब धन की निकासी पर रोक लगानी होगी और नए फण्ड्स भी जुटाने होंगे और ये दोनों ही काम बेहद कठिन मालूम पड़ते हैं।

इस बैंक के शेयर्स में सबसे बड़े निवेशकों में से एक सऊदी नैशनल बैंक ने अब इस बैंक में किसी भी प्रकार के नवीन फण्ड्स डालने से इंकार कर दिया है। सऊदी नैशनल बैंक के पास क्रेडिट स्वीस बैंक के 9.8 प्रतिशत शेयर हैं। उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आज रियाद में हुई फायनैंस कॉन्फ्रैंस में इस बैंक को नए फण्ड्स देने से मना कर दिया। बाहरी निवेशक किसी तरह के सकते में ना रहें, इसलिए इस बैंक ने स्वयं ही स्वीकार कर लिया है कि उसके इन्टरनल कंट्रोल्स एण्ड कम्यूनिकेशन में "महत्वपूर्ण कमियां" हैं। इसका मतलब है कि बैंक के भीतर ही पर्याप्त मात्रा में इसको लेकर पूर्व चेतावनियां नहीं थीं कि उसके अस्तित्व को क्या चुनौती मिलने वाली है। यह एक स्वीकारोक्ति है कि उसका इन्टरनल रिपोर्टिंग त्रुटियों की जांच का सिस्टम क्रियाशील नहीं रहा है।

गैस सिलैण्डर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पकड़ ली और पाइप फट गया। वहीं पर काम कर रहे श्यामलाल ने सिलेण्डर से पाईप को अलग किया तथा आग बुझाई। हादसे में नेमीचंद तथा उसके साथ काम कर रहे भगवानाराम, पुत्र गोरधनराम मेघवाल, उम्र 53 वर्ष तथा नौरंगराम, पुत्र सुन्दरराम मेघवाल, उम्र 30 वर्ष, निवासीगण भीमसर, घायल हो गए। इन तीनों को गांव के सीताराम व दीपाराम तथा देवाराम ने निजी वाहन से सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया अस्पताल पहुँचाया। टीम "हारे का सहारा" के संयोजक श्याम स्वर्णकार व अन्य ने घायलों को एमरजैंसी में पहुँचाया और चिकित्सक डॉ. विवेक सोनी व डॉ. महिपाल सिंह ने घायलों का उपचार किया।

मैटा ने और 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की घोषणा की

- 2023 में अब तक टैक्निकल और आई.टी फील्ड में काम करने वाले एक लाख 28 हजार लोग अपनी नौकरियों से हटाये जा चुके हैं।
- ज़करबर्ग ने कर्मचारियों को बताया कि, कंपनी के राजस्व में 2022 में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गयी थी और यह कंपनी के लिए एक "वेक अप कॉल" की तरह था। तभी से कंपनी ने खुद के खर्चों में कमी लाने के लिए इस तरह के फैसले लेने शुरु किए हैं।

कैलीफोर्निया, 15 मार्च (वार्ता)। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप जैसी कंपनियों की मूल कंपनी मेटा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की घोषणा की है।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि कंपनी की ओर से जारी कर्मचारियों की यह दूसरी बड़ी छटनी होगी। यह छटनी कुशलता के वर्ष के ही एक कठिन हिस्से के रूप में की जायेगी। उन्होंने बताया कि 10 हजार नौकरियों की कटौती तो की ही जायेगी साथ ही पांच हजार रिक्तियों को भी खाली छोड़ा जायेगा।

जुकरबर्ग ने कर्मचारियों को बताया कि कंपनी के राजस्व में 2022 में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गयी थी और यह कंपनी के लिए एक 'वेक अप कॉल' की तरह था।

उन्होंने ऊंची ब्याज दर का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका में वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता और बढ़े हुए विनियमन का हवाला देते हुए कहा इसका प्रभाव मेटा पर अवश्य पडेगा और इससे कंपनी के राजस्व में और कमी आयेगी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी को उभर रही नई आर्थिक वास्तविकता के कई वर्षों तक जारी रह सकने की संभावना को लेकर खुद को तैयार कर लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अमेज़न और गूगल जैसी कंपनियां बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए लागत में कटौती करने के प्रयासों से जूझ रहीं हैं, इसी क्रम में कर्मचारियों की छटनी की जा रही है।

गैस गीज़र...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने शिवनारायण व कविता को मृत घोषित कर दिया तथा बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक शिवनारायण के चाचा विमल कुमार झंवर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में घटना की जानकारी दी। थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि बाथरूम में लगे गैस गीज़र के कारण तीनों का दम घुटने लगा होगा और तीनों अचेत हो गए होंगे।

अमेरिका की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गरीबी उन्मूलन का काम और आर्थिक विकास बाधित होता है। भारत के वर्ष 2021 के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार इस प्रदेश की करीब 25 प्रतिशत आबादी गरीबी झेल रही है। इस राज्य को विवादित क्षेत्र का दर्जा दिए जाने से कई अन्तर्राष्ट्रीय दानदाता यहां मदद उपलब्ध कराने से कतरा रहे हैं।

प्रस्ताव में हमारे अलावा आक्रामक रूख और पी.आर.सी. से मिल सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले के लिए कदम उठाने को लेकर भारत सरकार की भर्त्सना की गई है।

इन प्रयासों में भारत के टैलीकम्युनिकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित करना, खरीद प्रक्रिया और सप्लायी चेन्स का परीक्षण, निवेश के स्क्रीनिंग स्टैण्डर्ड्स को लागू करना और जन स्वास्थ्य व अन्य सैक्टर्स में ताइवान के साथ सहयोग बढ़ाना शामिल है।

प्रस्ताव भारत के साथ क्वाड ईस्ट इण्डिया समिट, एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स (आसियान) व अन्य अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर बहुआयामी सहयोग बढ़ाने के साथ ही भारत-अमेरिका के बीच रक्षा, तकनीकी, अर्थव्यवस्था, जनता से जनता के संबंधों को लेकर द्विपक्षीय साझेदारी और मजबूत करने पर जोर देता है।

दिल्ली पुलिस ने त्रि स्तरीय सख्त बैरिकेडिंग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सांसदों ने कहा है कि:

1) अडानी ग्रुप कम्पनीज़ पर आरोप है कि उन्होंने ऑफशोर शैल कम्पनियों का बड़ा नैटवर्क खड़ा किया हैं। और ऑफशोर फंड दो उद्देश्यों के लिए अडानी समूह द्वारा नियंत्रित किया जाता है एक तो शेयरों के दामों में कृत्रिम उतार-चढ़ाव और ग्रुप की वित्तीय स्थिति के बारे में झूठी तस्वीर पेश करने के लिए। मॉरीशस में अडानी ग्रुप की 38 शैल कम्पनियां हैं जिनका कर्ताधर्ता विनोद अडानी है। इसके अलावा सायप्रस, यू.ए.ई., सिंगापुर और कई करीबिअन आइलैंड्स में भी कई शैल कम्पनियां है।
2) इन शैल कम्पनियों और अडानी की भारतीय कम्पनियों में एक सीधा लिंक है क्योंकि गौतम अडानी का भाई विनोद अडानी ही कथित रूप से वह व्यक्ति है जिसने यह नैटवर्क खड़ा किया है। दूसरे शब्दों में कहे तो भारत में अडानी की जो कम्पनियां हैं उनका इन शैल कम्पनियों के वित्तीय लेन-देन से सीधा संबंध है। यह सारी जानकारी अब सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।
3) विपक्ष ने पत्र में धोखाधड़ी का आरोप लगाया और कहा कि अडानी समूह की कम्पनियों ने आदि कॉर्प नामक एक कम्पनी को भारी कर्ज दिया जब कि इसकी वित्तीय स्थिति ऐसी नहीं है कि इसे इतना बड़ा कर्ज दिया जा सके। फिर इस कम्पनी ने कथित रूप से उक्त कार्य की राशि का बड़ा हिस्सा अडानी पावर को दिया। इस अकेले लेन-देन की ही कड़ी जांच की जानी चाहिए। यह तो मात्र एक उदाहरण है कि अडानी समूह किस प्रकार से कानूनों का उल्लंघन करता है। हमारे पास ऐसे अन्य उदाहरण भी हैं, जो सब सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं।
4) सितम्बर 2021 को मुंद्रा पोर्ट पर 3000 किलोग्राम ड्रग्स बरामद हुई थी, पर सुरक्षा खामियों की कोई जांच नहीं हुई जिसकी वजह से इतना गंभीर अपराध हुआ था। यही नहीं पोर्ट संचालन करने वाली कंपनी की भी कोई जांच नहीं हुई। आश्चर्य की बात है कि यह अपराध कभी भी ई.डी. की जांच के दायरे में नहीं आया।
5) विपक्ष ने क्रॉनी कैपिटलिज़्म का मुद्दा भी उठाया और कहा सरकार और सरकारी कम्पनियों के ठेकों में अडानी समूह को भारी छूट व तवज्जो दी गई जब कि कई मामलों में वे इसके लिए योग्य भी नहीं थे। उदाहरण के लिए धारावी री डवलपमैंट योजना में दुबई की कम्पनी को 2018 में टैंडर मिला था पर 2020 में इसे कैंसल कर नया टैंडर निकाला और अडानी ग्रुप को टैंडर मिला, जब कि उसे अरबन री डवलपमैंट का कोई अनुभव नहीं था। फरवरी 2018 में अडानी पावर ने एस.ई.ए.जैड. के रूप में गोड्डा पावर प्लांट के लिए आवेदन किया जिसे वाणिज्य मंत्रालय ने ठुकरा दिया था। जनवरी 2019 में वाणिज्य मंत्रालय ने निर्णय बदल दिया और अडानी पावर का आवेदन स्वीकार कर लिया।

अडानी समूह ने सार्वजनिक क्षेत्र के 25 बैंकों से बड़ा-बड़ा कर्ज ले रखा है जो सीधे तौर पर "क्रोनी कैपिटलिज़्म", भ्रष्टाचार व कानून के उल्लंघन को दर्शाता है। हैरानी की बात है कि इस मामले में जांच के प्रति ई.डी. ने कभी भी कोई रूचि नहीं दिखाई।

हम सभी विपक्षी सांसद आपसे मांग करते हैं कि इन आरोपों पर तुरंत एक्शन लिया जाए।

खड़े ट्रक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप ट्रक में घुस गई। उसी समय वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वाहन सड़क के किनारे रोककर पुलिस थाना और 108 एंबुलेंस को सूचना दी और पिकअप में फंसे दोनों युवकों को निकालने का प्रयास किया। घटना के कारण हाईवे मार्ग पर वाहनों का जाम लग गया।

इस भीषण दुर्घटना की जानकारी मिलने पर उपखंड अधिकारी हसमुख कुमार, तहसीलदार मादाराम मीणा, पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत, थानाधिकारी चंपालाल बारड, एएसआई हजाराम मारू, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश विश्नोई घटनास्थल पर पहुंचे। समाजसेवी शिवलाल प्रजापत, असलम खान, कैलाश, अदाराम घांची की मदद से पिकअप में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया था। दोनों को पिंडवाड़ा राजकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां डॉ. बनवारी लाल ने जांच कर दोनों को मृत घोषित किया।

'नवरात्रि के दौरान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समितियां गठित करें और चैत्र नवराज में रामायण व दुर्गा सप्तशती के पाठ के लिए संगीतकारों, गायकों व संगतकारों का चयन करें। योगी ने इसके लिए हरेक डी.एम. को एक लाख रू. दिये हैं तथा जरूरत पड़ी तो अतिरिक्त फंड भी दिया जा सकता है।

ऐसे कदम यह संदेश देते हैं कि भाजपा के राज्य में हिंदुओं की स्वीकृति और सांस्कृतिक सहायता मिल रही है जो अन्य दलों की सरकारों के समय उन्हें नहीं मिलती थी।

इस कहान की सबसे अलग बात यह है कि अप्रत्यक्ष आलोचना या कटाक्ष के अलावा किसी भी विपक्षी दल ने योगी सरकार के आदेश के संविधान विरोधी होने का मुद्दा नहीं उठाया है। कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने कटाक्ष करते हुए भाजपा सरकार से कहा कि राज्य विधानसभा डी.ए. ऑफिस व अन्य कार्यालयों में भगवान राम अन्य हिंदू देवताओं की मूर्तियां स्थापित कर ली जाए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी तंज कसा कि हरेक डी.एम. को इस कार्यक्रम के लिए मात्र एक लाख रू. दिया गया है जो बहुत कम है।

इसके लिए दस करोड़ रू. देने चाहिए ताकि सभी धर्मों के समारोह मनाए जा सके। विपक्षी खेमा संविधान में स्थापित धर्म निरपेक्षता के सिद्धांतों पर मौन है। संक्षेप में कहे तो विपक्षी दलों के नेता भाजपा की हिन्दुत्व नीति का विरोध करने को तैयार नहीं है या कहें कि उन्हें ऐसा करने में डर लगता है।

Terms and Conditions Apply. Visit the nearest showroom for more information. Features shown in the mnemonic strip are not applicable for every model showcased in the above image. Specifications/features may vary and are subject to change without prior information. The product image may carry some accessories that are not part of standard equipment. Colours may not match the actual colours due to printing limitations. JBL is a registered trademark. All interested prospects are advised to check and understand the vehicle features before booking or purchasing any vehicle. Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance, it is a driver assist system that enhances driving experience and safety. The driver shall remain responsible for safe, vigilant and attentive driving. *Driver seat only.

AUTOPLEX AV : SITABARI, TONK ROAD : 7506023155, BASSI : 7045205648, DUDU : 7045206015, MALPURA : 7045217455, RENWAL : 7045206015. TECHWHEELS : JAGATPURA : 7506023175, SHAHPURA : 9619011350, TONK : 7045205017, PAOTA : 7045195019, NIWAI : 8291535732, SHREE SHYAM MOTORS : SIKAR ROAD : 7506023263, CHOMU: 7045211485, KOTPUTLI : 9167051178. ROSHAN MOTORS : RAJA PARK : 9619087477, AJMER ROAD : 7506023244, BAGRU : 9167045564, CHAKSU : 7039118998. AKAR FOUR WHEELS : VAISHALI NAGAR : 7506023152, DAUSA : 9167048664. MAHUA : 9167475537, BANDIKUI : 9167474025, LALSOT : 8291534324. KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. SAWIMADHOPUR : 7045190667 GANGAPUR : 9619305352, YASH MOTORS : DEOLI : 7045207876, CHAMBAL MOTORS : SAWAI MADHOPUR : 7506023291 AUTOPRIME TATA : PRATAP NAGAR, JODHPUR : 7506023278, BALOTRA : 8291530514, PALI : 7045167466, CHAMBAL MOTORS : KOTA : 7506023291, JHALAWAR : 9167050428, BARAN : 9167046556, BUNDI : 9167047688, BHAWANI MANDI : 8879294418, KHANPUR : 9167984982, ITAWA : 9619517479, CHAMBAL MOTOCORP LLP : UDAIPUR : 7506023432, DUNGARPUR : 9167049848, BANSWARA : 9167046516, SAGWARA : 7045206391, BRIJWHEEL AUTOMOBILES (P) LTD. : BHARATPUR : 9619304832, HINDAUN : 9619304832, DHOLPUR : 9619304832, KARAULI : 9619304832, CLASSIC MOTORS : ALWAR : 7506023041, BHIWADI : 9167047238, BEHROR : 9167047208, RAJGARH : 7045207261, THANAGHAJI : 8291538120, KHAIRTHAL : 9619522451, DAKSH AUTOMOTIVES PVT. LTD. : NAGAUR : 7506023356, DIDWANA : 9167049809, KUCHAMAN: 704520735, DUNAC AUTOMOBILES : Nr. DUDI PETROL PUMP, NH-15, BIKANER : 9167047384, Nr. HALDIRAM PYAU, JAIPUR ROAD, BIKANER : 7506023077, NOKHA : 7045167446, 3 ML HANUMANGARH BYEPASS ROAD, NH 62, SRI GANGANAGAR : 7506023393, HANUMANGARH : 9167050425, ANUPGARH : 9167044613, SURATGARH : 7045207465, NOHAR : 7045161801, KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. : AERODROME CIRCLE, KOTA : 7045156412, RAMGANJ MANDI : 7045187360, MARUDHARA MOTORS : JODHPUR : 7506023285, MUDGAL MOTORS : AJMER : 7506023019, KISHANGARH : 8291533487, BEAWAR : 8291531748, BARAL : 8291542378, SHRI CHARBHUJA AUTOMOBILES : MERTA CITY : 7506023295, DEGANA : 9167049213, SHRI KRISHNA FOUR WHEELS : JAIPUR ROAD, SIKAR : 7506023385, JAIPUR ROAD CHURU: 9167048349, NEAR RTO JAIPUR ROAD, JHUNJHUNU: 9167050975, SURAJGARH BYEPASS ROAD, CHIRAWA: 9167047768, NEEM KA THANA : 7045207468, SRI MADHOPUR : 8291537250, SUJANGARH : 8291537004, SP AUTOMOTIVE : UDAIPUR : 8291328070, ABU ROAD : 8291528973, JALORE : 8291532733, SECTOR-11 : 8291328070, YASH MOTORS : BHILWARA : 7506023055, CHITTAURGARH : 9167047877, DEOLI : 7045207876, RAJSAMAND : 8291542028

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908